कार्यालय जनपद पंचायत घटिया जिला उज्जैन

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

17 बिन्दुओं पर आधारित जानकारी

अध्याय – एक
विभाग की संरचना, कर्तव्य एवं दायित्व

अध्याय – दो
अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अधिकार एवं कर्तव्य

अध्याय – तीन
निर्णय लेने की प्रक्रिया, जवाबदेही एवं पर्यवेक्षण

अध्याय – चार
कर्तव्यों के निर्वहन संबंधी मापदंड

अध्याय – पाँच
अधिकारियों / कर्मचारियों के कर्तव्य निर्वहन संबंधी अधिनियम, नियम,विधियाँ, उपविधियाँ तथा आदेश – निर्देश

अध्याय – छः
संधारित अभिलेख की श्रेणी एवं अभिरक्षा

अध्याय – सात
नीति निर्धारण या क्रियान्वयन में जन प्रतिनिधियों के परामर्श की व्यवस्था

अध्याय – आठ
योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जन प्रतिनिधियों से परामर्श की व्यवस्था– सलाहकार समितियों / बोर्ड का गठन

अध्याय – नौ
विभागीय अधिकारियों की डायरेक्टरी

अध्याय – दस
अधिकारियों तथा कर्मचारियों के वेतन – विवरण

अध्याय – ग्यारह
जिलों को योजनावार का आवंटित बजट

अध्याय – बारह
अनुदान, राज्य सहायता कार्यक्रमों की रीति

अध्याय – तेरह
रियायतें, अनुज्ञा पत्र तथा प्राधिकार का विवरण

अध्याय – चौदह
इलेक्ट्रानिक रुप में उपलब्ध सूचनाऐं

अध्याय – पन्द्रह
सूचना प्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाऐं

अध्याय – सोलह
लोक सूचना अधिकारी के पदनाम, पता अन्य विवरण

अध्याय – सत्रह
अन्य उपयोगी जानकारियाँ

अध्याय –एक

पंचायत विभाग की संरचना कर्तव्य एवं दायित्व

विभागीय संरचना

पंचायत विभाग में प्रशासकीय नियंत्रण एवं नियमन के लिये राज्य मंत्रालय में सचिवालय स्तर पर प्रमुख सचिव, सचिव, उप सचिव, अवर सचिव, अनुभागीय अधिकारी तथा अन्य लिपिकीय अमला कार्यरत है । यह अमला विभाग की नीतियों के निर्धारण तथा नियमन का कार्य करता है।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में 24 ग्राम सहायक कार्यरत हैं। जो वर्तमान में पंचायत सचिव की हैसियत से पंचायतों में कार्यरत हैं । राज्य शासन के 12 सितंबर 1995 के आदेश द्वारा पंचायत कर्मी योजना लागू करते हुए ग्राम सहायक संवर्ग को ''डाईंग कैडर'' घोशित किया गया है।

अधीनस्थ कार्यालय

ग्राम पंचायतें संख्या 69

विभाग के दायित्व

भारत के संविधान के 73 वें संशोधन के अनुरुप प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत राजव्यवस्था स्थापित है, इसे सफल बनाना, विकास योजनाओं को मूर्तरुप दिया जाकर लोक तंत्रीय ग्रामीण स्थानीय व्यवस्था और जन भागीदारी को सुदृढ़ करना, आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए संविधान की 11 वीं अनुसूची में वर्णित विशयों से संबंधित योजनाओं के कियान्वयन, अनुश्रवण एवं प्रबंधन के बारे में त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों को समुचित मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण देना एवं पंचायतों या ग्राम सभाओं को उनके अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्वों से परिचित कराकर प्रदेश में ग्राम स्वराज त्वरित गति से स्थापित हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करना ।

विभाग से संबंधित सामान्य जानकारी

मध्यप्रदेश का गठन 01 नवम्बर, 1956 को तत्कालीन महाकौशल, छत्तीसगढ़, मध्यभारत, भोपाल, विन्ध्यप्रदेश तथा राजस्थान के सब डिवीजन सिरोंज को मिलाकर किया गया।
विभिन्न घटकों में पंचायत राज व्यवस्था से संबंधित पृथक–पृथक कानून/व्यवस्थाऐं प्रचलित थी । प्रदेश में पंचायत राज व्यवस्था में एक रुपता लाने की दृष्टि से वर्श 1962 में मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1962 बनाया गया । प्रदेश में पंचायतराज व्यवस्था को और अधिक सशक्त व कारगर बनाने की दृष्टि से समय–समय पर आवश्यक संशोधन कर वर्श 1981 तथा 1990 में नये पंचायत अधिनियम बनाये गये । भारत के संविधान के 73 वें संशोधन अधिनियम, 1992 के अनुरुप प्रदेश में मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (कमांक 1 सन् 1994) दिनांक 25 जनवरी, 1994 से लागू किया गया है । संविधान की अपेक्षा अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया जाकर माह मई–जून, 1994 में त्रिस्तरीय पंचायत के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराये गये । प्रदेश में 45 जिला पंचायतें, 459 जनपद पंचायतें तथा 31,138 ग्राम पंचायतें गठित की गई । वर्श 1999–2000 में माह जनवरी–फरवरी में त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्यकाल पूर्ण होने के कारण पुनः चुनाव संपन्न कराये गये। विभाजित मध्यप्रदेश की कुल 45 जिला पंचायतों, 313 जनपद पंचायतों तथा 22,029 ग्राम पंचायतों का निर्वाचन हुआ। जनवरी–फरवरी 2005 में त्रिस्तरीय पंचायतराज संस्थाओं का तृतीय सामान्य निर्वाचन सम्पन्न हुए जिसमें 48 जिला पंचायत 313 जनपद पंचायत एवं 23051 ग्राम पंचायतों में कुल 3.97 लाख पंचायत प्रतिनिधि निर्वाचित हुए है । जिनमें अनुसूचित जाति वर्ग के 61103 व्यक्ति तथा अनुसूचित जन जाति वर्ग के 112938 व्यक्ति आज त्रिस्तरीय पंचायतराज संस्थाओं के पदधारी हैं। प्रदेश में तीनों स्तर की पंचायतों में 134368 महिलाओ को प्रतिनिधित्व मिला है। इस प्रकार मध्यप्रदेश ने पंचायत

राज की स्थापना में पंचायतों को संविधान की 11 वीं अनुसूची में उल्लेखित विशयों से संबंधित योजनाऐं/परियोजना/कार्यकमों और कार्यकलापों के कियान्वयन, निरीक्षण, पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं प्रबंधन संबंधी अधिकार तथा दायित्व सौंपे गये । निर्वाचित प्रतिनिधि अपने अपने स्थानीय क्षैत्र की योजनाओं में नेतृत्व प्रदान कर बहुआयामी सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। सही मायने में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला कदम मील का पत्थर साबित हुआ है । पंचायतों को जहां एक तरफ अधिकार और शक्तियां दी गई है और दूसरी ओर मतदाताओं को ग्राम सभा को सशक्त बनाकर स्थानीय स्तर पर सत्ता के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता के साथ अधिक प्रभावी भूमिका भी सौंपी गई है। पंचायतों की शक्तियों एवं कर्तव्यों को पूर्ण करने के लिये उनके क्षैत्राधीन शासकीय कर्मचारियों का अमला और राशियां भी उनकी पंचायत की निधि में सीधे जमा की जा रही है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी रहकर अपनी इच्छा शक्ति से कार्य कर सकें। शासन के स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण,कृशि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खेल एवं युवक कल्याण, ग्रामोद्योग, चिकित्सा शिक्षा,जनशक्ति नियोजन, पशुधन, दुग्ध विकास, मछलीपालन, वन, समाज कल्याण, श्रम, उर्जा आदि विभागों की ग्रामीण स्थानीय क्षैत्रों में चलित योजनाओं के कार्यकमों को जनसहभागिता से कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा जनपद पंचायत को जिला पंचायत की मुख्य प्रशासनिक इकाई के रूप में तथा ग्राम पंचायत को जिला पंचायत के उन सारे कार्यकमों के कियान्वयन ऐजेन्सी के रूप में विकसित किया गया है। पंचायतें अपनी अधिकारिता में वार्शिक योजना एवं प्रबंधन की संपूर्ण व्यवस्थाओं की अधिकारिता रखती है और समितियों के माध्यम से लिये गये निर्णयों का पालन करती है। पंचायतें अब स्वयं अपने निकाय के कर्मचारियों की नियुक्ति करती है और उनके कार्यों का अधीक्षण, नियंत्रण तथा अनुशासनिक कार्यवाही करने के लिये सक्षम है।

ग्राम सभाओं को निम्नाकित कृत्य एवं शक्तियॉ सौंपी गई है :–

 व्यक्तियों की परंपराओं तथा रूढियों, उनकी सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक साधनों को तथा विवादों के निराकरण के रूढिगत ढंग को सुरक्षित तथा संरक्षित करना। ग्राम सभा क्षेत्र के प्राकृतिक स्रोतों जैसे भूमि, जल तथा वनों का उनकी परंपरा अनुसार प्रबंधन ।

———

अध्याय दो

अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अधिकार एवं कर्त्तव्य

मध्यप्रदेश पंचायत (मुख्य कार्यपालक अधिकारी की शक्तियां तथा कृत्य) नियम, 1995

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 अगस्त, 1995 क्र. बी–1–25 (1)–95–बाईस–पं.–2 – मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 72 के साथ पठित धारा 95 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद द्वारा निम्नलिखित निम्न जो कि उक्त अधिनियम की धारा 95 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप से पहले ही प्रकाशित किये जा चुके हैं, बनाता है अर्थात् –

नियम

1. संक्षिप्त नाम – इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पंचायत (मुख्य कार्यपालन अधिकारी की शक्तियां तथा कृत्य) नियम 1995 है।

2. परिभाषाएं – इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994)

(ख) ''मुख्य कार्यपालक अधिकारी'' से अभिप्रेत है, यथास्थिति जिला पंचायत या जनपद पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी

(ग) ''धारा'' से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा

(घ) ''पंचायत'' से अभिप्रेत है यथा स्थिति जिला पंचायत या जनपद पंचायत

3. इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन अभिव्यक्त रूप से जैसा अन्यथा उपबंधित है, इसके सिवाय इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के प्रयोजनों के लिए कार्यपालिक शक्तियॉं मुख्य कार्यपालिक अधिकारी में निहित होंगी जो –

(क) इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन या तत्समय प्रवर्त किसी अन्य विधि के अधीन रहते उसे विशिष्ट रूप से प्रदत्त समस्त शक्तियों का प्रयोग करेगा।

(ख) राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार तथा अध्यक्ष के साधारण अधिक्षण के अध्यधीन रहते हुए, पंचायत के अधिकारियों तथा सेवकों के कर्त्तव्यों को अधिकथित करेगा तथा उनका पर्यवेक्षण करेगा उन पर नियंत्रण रखेगा।

(ग) धारा 44 तथा 47 के उपबंधों तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के अध्यधीन रहते हुए, पंचायत तथा उसकी स्थायी समिति का सम्मिलन बुलाएगा तथा उसकी कार्यवाहियों को बनाये रखेगा।

(घ) जब तक कि उसे युक्तियुक्त तथा पर्याप्त कारण से रोका न जाए तब तक पंचायत तथा उसकी स्थाई समिति के सम्मिलन में उपस्थित रहेगा।

(ड़) पंचायत के सम्मिलन में चर्चाओं के अधीन किसी विशय के संबंध में जानकारी या स्पष्टीकरण दे सकेगा।

(च) पंचायत के संकल्पों के क्रियान्वयन हेतु कार्यवाही करेगा।

(छ) पंचायत तथा उसकी स्थाई समितियों के सम्मेलन की कार्यवाहियों से संबंधित समस्त कागज पत्रों तथा दस्तावेजों की अभिरक्षा करेगा।

(ज) पंचायत के प्रशासन से संबंधित (वापसियां) (रिटर्न) विवरणियां, प्राकलन, सांख्यिकी या अन्य जानकारी प्रस्तुत करेगा।

(झ) पंचायत या स्थाई समिति के सम्मिलन की तारीख से तीन दिन के भीतर ऐसे समस्त प्रकरणों की विहित प्राधिकारी को रिपोर्ट करेगा जहां उसकी राय में पंचायत या उसके अध्यक्ष या किसी स्थाई समिति के अध्यक्ष (चयेरपर्सन) का कोई कार्य या किसी आदेश का निष्पादन या संकल्प इस अधिनियम के उपबंधों या उसकी अधीन विरचित नियमों या इस अधिनियम के अधिन राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए किसी निदेशों या अनुदेशो के अनुसार नहीं है, रिपोर्ट करेगा।

4. इस अधिनियम के तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अध्याधीन रहते हुए पंचायत का एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी।

(1) पंचायत के अधीन पद धारण करने वाले किसी अधिकारी या कर्मचारी से या किसी विभाग के किसी भी अन्य जिला कार्यालय से हुई जानकारी वापसी (रिटर्न) या रिपोर्ट मंगवा सकेगा।

(2) इस प्रयोजन के लिए बनाये गये नियमों के अनुसार पंचायत के कर्मचारियों की अनुपस्थिति रहने पर छुट्टी मंजूर कर सकेगा।

(3) किसी अधिकारी के अवकाश पर रहने या स्थानांतरित होने के कारण अनुपस्थिति के दौरान अस्थायी रूप से उसका प्रभाव ग्रहण करने तथा पदीय कृत्यों के निर्वहन की व्यवस्था कर सकेगा।

(4) पंचायत के अधीन पद धारण करने वाले किसी अधिकारी या कर्मचारी से स्पष्टीकरण ले सकेगा।

(5) पंचायत के समस्त कियाकलपों के निष्पादन का पर्यवेक्षण करेगा तथा नियंत्रण रखेगा।

(6) पंचायत के समस्त कार्यों तथा उसकी उसकी विकास योजनाओं के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक उपाए करेगा।

(7) पंचायत की ओर से सिविल या दांडिक कार्यवाहियां प्रारंभ करेगा या संचालित करेगा।

(8) पंचायत के अधीन पद धारण करने वाले शासकीय सेवकों के कार्यों का प्रतिवर्श निर्धारण करेगा तथा अपनी गोपनीय राय देगा तथा उसे अध्यक्ष को अग्रेशित करेगा।

(9) इस संबंध में बनाये गये वित्तीय नियमों के अनुसार पंचायत निधि से रकम निकालेगा तथा संवितरण कर सकेगा।

(10) वार्शिक विकास योजनाएं तथा बजट तैयार करेगा तथा पंचायत के लेखों से संबंधित सभी विशयों के लिए संम्मिलित स्कीमों का दक्षता पूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करेगा।

(11) यथा स्थिति, जनपद या ग्राम पंचायत द्वारा अधिनियम की धारा 77 (2) के उपबंधों के अनुसार अधिनियम की अनुसूची दो वर्णित करके अधिरोपण के लिए, भेजे गए प्रत्येक प्रस्ताव का परीक्षण करेगा।

(12) पंचायत द्वारा बनाए गए समस्त विनियमों तथा उपविधियों का अपने हस्ताक्षरों के अधीन प्रकाशित करेगा।

(13) कर्त्तव्य के निर्वहन में, पंचायत कर्मचारी के कब्जे में या प्रभार में पंचायत के किसी धन या सम्पत्ति की हानि को रोकना सुनिश्चित करेगा तथा उसे पंचायत या सशक्त स्थाई समिति के समक्ष रखेगा।

(14) पंचायत द्वारा उनके किन्हीं प्राधिकारियों को शक्तियों के प्रत्यायोजन संबंधी किन्हीं मामलों का, यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से परिक्षण करेगा तथा रिपोर्ट देगा कि प्रस्तावित कार्यवाही नियमों के अनुसार या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त जारी किए गए कार्यपालिक अनुदेशों के अनुसार है।

(15) जहां जीवन को खतरा या जिले के रहवासियों की सम्मिति को प्राकृतिक विपदा द्वारा व्यापक नुकसान हुआ हो या और वहां घटित ऐसे प्रत्येक मामलों की रिपोर्ट तुरंत अध्यक्ष को देगा तथा जहां पंचायत की सम्पत्ति को कोई नुकसान हुआ हो वहां पंचायत के अनुदेशों के अधीन तुरंत कार्यवाही भी करेगा।

(16) पंचायत के लेखे तथा उसके लेखा सम परीक्षा के अनुक्रम मे ंनोटिस में लाई गई किसी त्रुटि तथा अनियमितता को दूर करने के लिए कदम उठाएगा।

5. मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऐसी समस्त शक्तियों का भी प्रयोग करेगा तथा ऐसे अन्य कृत्यों तथा कर्त्तव्यों का पालन करेगा जैसे कि उसे पंचायत द्वारा प्रत्यायोजित किये जायें या राज्य सरकार द्वारा समुदेशित किये जायें।

6. पंचायत का कोई भी आदेश तब तक ही मान्य होगा जब तक की वह मुख्य पालक अधिकारी की मुद्रा एवं हस्ताक्षर के अधीन जारी किया गया हो।

7. निरसन – इस विशय पर समस्त पूर्ववर्ती नियम, म0प्र0 राजपत्र में इन नियमों के अंतिम प्रकाशन की तारीख से निरस्त हो जाएंगे।

जनपद पंचायत–भाग–ग (विद्यमान स्टॉफ)

क्र.	नाम कर्मचारी	बंटित कार्य
1	श्री राकेश पॅवार (उच्च श्रेणी लिपिक)	लेखाशाखा जनपद, जनसम्पर्क, इन्द्रा आवास पंचायत स्तर, अजा बस्ती, सर्वशिक्षा अभियान
2	श्री नरेन्द्र जीनवाल (उच्च श्रेणी लिपिक)	11वां वित्त, 12 वा वित्त, आयोग, एस.जी.आर.व्हाय, (जिला, जनपद) एस.जी.आर.व्हाय 22.5 प्रतिशत, विशेष घटक, स्थापना जनपद
3	श्री रविन्द्र जाधव (सहा. ग्रेड 3)	सा.सु.पे., राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, परिवार सहायता
4	श्री अजीत कुमार गायकवाड (सहा.शिक्षक) (शिक्षा विभाग से संयोजित)	लेखा विकास, स्थापना विकास,
5	श्री इकरार मंसुरी, कम्प्युटर आपरेटर	कम्प्युटर शाखा, 11सुत्रीय, पंचायत शाखा, पंचलेखा
6	श्री माधवसिह बिठौरा, वाहन चालक	वाहन चालक

विकासखण्ड –

1	श्री के.के.व्यास, उपयंत्री	आवंटित क्षैत्रानुसार निर्माण कार्यो का निरिक्षण, प्राक्कलन तैयार करना, तकनिकी मार्गदर्शन देना एवं कार्यो का मूल्यांकन
2	श्री टी.एस.चौहान, उपयंत्री	–''–
3	श्री सुनिल शर्मा, उपयंत्री	–''–
4	श्री एम.के.गुप्ता, सहायक विकास विस्तार अधिकारी	बैंक ऑफ इंडिया पानबिहार के अतिरिक्त विकासखण्ड मे एस.जी.एस.व्हाय शाखा का कार्य
5	श्री श्रीधर देसाई,	1. **S.B.I.** जैथल 2. RRB चिमनगंज मण्डी
6	श्री बी.एल.परमार	1. **RRB** रूई 2. **BOI** भैरवगढ़
7	श्री रामबाबू शर्मा	1. **RRB**. दानीगेट 2. **SBI** बुधवारिया
8	श्री जितेन्द्र कुशवाह	जनपद पंचायत उज्जैन मे संयोजित
9	श्री गणेशलाल भट्ट	जिला पंचायत उज्जैन मे संयोजित
10	श्री सुरेशचन्द्र द्विवेदी	1. UCO बिछड़ोद 2. BOI घटिया (मूल पदस्थापना जनपद पंचायत महिदपुर)
11		

जनपद पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी –

क.	कर्मचारी का नाम	पदनाम	जाति	जन्मतिथि	मूल निवास का पता	वर्तमान पता	पत्र व्यवहार का पता
1	श्री राकेश पॅवार	लेखापाल	सामा.	13.3.65	बड़नगर	हायर सेकण्डरी वि.के पास घटिया	जनपद पंचायत घटिया
2	श्री नरेन्द्र जीनवाल	सहा. ग्रेड–2	अजा		अलखधाम नगर उज्जैन	विकासखण्ड कालोनी घटिया	जनपद पंचायत घटिया
3	श्री रविन्द्र जाधव	सहा.ग्रेड 3	सामान्य		के.डी.गेट उज्जैन	––''––	जनपद पंचायत घटिया
4	श्री इकरार मंसुरी	कम्प्युटर आपरेटर	पि.वर्ग		पुराना नवोदय विद्यालय घटिया	पुराना नवोदय विद्यालय घटिया	जनपद पंचायत घटिया
5	श्री माधवसिह बिठौरा	वाहन चालक	अजा		नागझिरी उज्जैन	विकासखण्ड कालोनी घटिया	जनपद पंचायत घटिया
6	श्री बद्रीलाल प्रजापत	भृत्य	पि.वर्ग		घटिया	घटिया	जनपद पंचायत घटिया
7	श्री बापूनाथ योग	खल्लासी	पि.वर्ग		ढाबलागौरी	घटिया	जनपद पंचायत घटिया

(विकासखण्ड)जनपद पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी –

क.	कर्मचारी का नाम	पदनाम	जाति	जन्मतिथि	मूल निवास का पता	वर्तमान पता	पत्र व्यवहार का पता
1	श्री एम.एस.ठाकुर	मु.का. अधि.	सामान्य	05.02.60	ग्राम कलापिपलिया तहसील महिदपुर	विकासखण्ड कालोनी घटिया	47 इन्द्रा नगर उज्जैन
2	श्री के.एन.खत्री,	पी.एस.ई.ओ	सामान्य	07.08.53	सोनकच्छ जिला देवास	विकासखण्ड कालोनी घटिया	18 अ/10 बसन्त विहार उज्जैन
3	श्री गिरीश शर्मा	सह.वि. अधि	सामान्य	20.10.58	आगर मालवा जिला शाजापुर	संयुक्त पंजीयक सह. सं. उज्जैन	3शिवम् परिसर हरिफाटक रोड़ नानाखेड़ा उज्जैन
4	श्री व्ही.एल.राठौर	ख.स्त. अन्वेषक	अजा	01.09.70	ग्राम पचोला, तहसील तराना	73 किर्तिनगर सावेर रोड़ उज्जैन	73 किर्तिनगर सावेर रोड़ उज्जैन
5	श्री के.के.व्यास	उपयंत्री	सामान्य	03.05.54	शास्त्रीनगर उज्जैन	शास्त्रीनगर उज्जैन	शास्त्री नगर उज्जैन
6	श्री टी.एस.चौहान	उपयंत्री	सामान्य	04.04.57	ग्राम टुकराल तह.तराना	विकासखण्ड कालोनी घटिया	ग्राम टुकराल, तह.तराना

7	श्री सुनील शर्मा	उपयंत्री	सामान्य				
8	श्री एम.के.गुप्ता	स.वि.वि. अधि.	सामान्य	19.07.61	ग्राम बर्डिया सोन जिला शाजापुर	ग्राम पानबिहार, तहसील घटिया	277 अलखधाम नगर उज्जैन
9	श्री बी.एल.परमार	स.वि.वि. अ.	अजा	02.07.58	पाट, तहसील तराना, जिला उज्जैन	रूई	16 विराट नगर उज्जैन
10	श्री श्रीधर देसाई	स.वि.वि. अ.	सामान्य	28.10.63	118 निकास चौराहा, बुधवारिया उज्जैन	जैथल	118 निकास चौराहा, बुधवारिया उज्जैन
11	श्री रामबाबू शर्मा	स.वि.वि. अ.	सामान्य	15.10.58	गढ़ा, जिला गुना	अम्बोदिया	सी 1/28 एल. आई.जी. ऋशिनगर उज्जैन
12	श्री जितेन्द्र कुशवाह	स.वि.वि.अ	सामान्य				
13	श्री भेरूलाल डाबी	भृत्य	अजा	02.04.74	जलवा	घटिया	घटिया
14	श्री रामप्रसाद चौहान	चोकीदार	पिछड़ा		घटिया	घटिया	घटिया

अध्याय तीन

निर्णय लेने की प्रकिया, जबाबदेही एंव पर्यवेक्षण

त्रिस्तरीय पंचायते एवं ग्राम सभा ग्रामीण क्षेत्र की स्थानीय स्वायत शासी संवैधानिक संस्थाये है। इनके कामकाज निष्पादन एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिनियम एवं नियम निर्मित एवं प्रभावशील है। पंचायतराज संस्थाओं में सभी स्तर पर निर्वाचित पदधारी है। इनके द्वारा सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक न्याय की योजनाओ को बनाने और निर्णय लेने और उन्हें कार्यान्वित करने के सपूर्ण अधिकार निकायों को है। निकायो के निर्णय सामान्य सभा एवं इनकी स्थायी समितियों के माध्यम से सर्वसम्मति / बहुमत के आधार पर लिये जाते है। पंचायतो में किसी एक व्यक्ति को निर्णय लेने का प्रावधान नही है। यदि पंचायतराज संस्थाऐं कोई विधि विपरीत संकल्प पारित करती है या आदेश जारी
करती है तो म.प्र. पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 85 तथा धारा 91 में
कार्यवाही करने का प्रावधान उल्लेखित है। 26 जनवरी 2001 से ग्राम स्वराज व्यवस्था लागू कर ग्राम सभा को गांव के हित में निर्णय लेने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई का स्थान दिया गया। प्रत्येक गॉव के लिए एक स्वतंत्र ग्रामसभा गठित हुई । प्रत्येक ग्राम सभा में दो स्थायी समितियां गठित किए जाने एवं आवश्यकतानुसार तदर्थ समिति के गठन का प्रावधान किया गया हैं । इन समितियों के माध्यम से ग्राम सभा के सभी वयस्क पुरूश एवं महिलाओं की सत्ता एवं सार्वजनिक कार्य व्यवस्था में भागीदारी सुनिश्चित हो रही है और उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि सीधे प्रजातंत्र की व्यवस्था सुनिश्चित कर लगभग 3 करोड़ मतदाताओं को ग्रामवासियों के हित को प्रभावित करने वाले मुददों पर निर्णय लेने का अधिकार उपलब्ध हुआ है । ग्रामसभा अपने क्षेत्र के विकास संबंधी दीर्घकालीन कार्य योजनाए स्वंय तैयार कर रही है एवं अपने क्षेत्र का विकास की प्राथमिकता भी स्वंय तय कर कार्य करा रही है ।

पंचायतों की कार्य प्रणाली में सामूहिक निर्णय और लोकतंत्र की भावना अनुसार व्यवस्था की गई है। पंचायतों द्वारा लिया गया निर्णय किसी व्यक्ति या पदधारी की इच्छानुसार न होकर संपूर्ण संस्था की मंशा अनुसार लिया जाता है। जिसमें पारदर्शिता को पूरा–पूरा स्थान मिला है।

....

अध्याय चार

कर्तव्यो के निर्वहन संबंधी मापदण्ड

अधिनियम एवं नियमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कर्तव्य एवं जवावदेही विर्निदिष्ट है तथापि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही वरतने वाले कर्मचारियों के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए म.प्र.पंचायतराज अनुशासन नियम लागू है जिनके तहत कार्यवाही की जाती है ।

अधिकार एवं कृत्य –

जनपद पंचायत

1. एकीकृत ग्रामीण विकास, कृशि, सामाजिक वानिकी, पशुपालन और मत्स्य पालन, स्वास्थ्य और स्वच्छता, प्रौढ शिक्षा, संचार और लोक संकर्म सहकारिता, कुटिर उद्योग, महिला, युवा तथा बाल कल्याण, निःशक्तों तथा निराश्रितों का कल्याण और पिछडे वर्गो का कल्याण, परिवार नियोजना तथा खेलकूद तथा ग्रामीण रोजगार कार्यकम।
2. आग, बाढ,सूखा,भूकंप,दुर्भिक्ष,टिडडी दल, महामारी और प्राकृतिक आपदाओं में आपातिक सहायता की व्यवस्था करना।
3. स्थानीय तीर्थ यात्राओं तथा त्यौहारों के संबंध में व्यवस्था करना।
4. सार्वजनिक नौघाटों का प्रबंध करना।
5. सार्वजनिक बाजारों, सार्वजनिक मेलों तथा प्रदर्शनियों का प्रबंध करना।
6. राज्य सरकार या जिला सरकार द्वारा उसे सौंपी गई आर्थिक विकास और न्याय की स्कीमों के संबंध में वार्शिक योजना तैयार करना और उसे जिला पंचायत की योजना में सम्मिलित करना।
7. समस्त ग्राम पंचायतों तथा जनपद पंचायत के आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की स्कीमों के संबंध में वार्शिक योजनाओं पर विचार करना और उसे समेकित करना तथा जिला पंचायत को भेजना।
8. जनपद पंचायत निधि में से हाथ में लिये जाने वाले संकर्मों और विकास स्कीमों की योजना तैयार करना और इन्फ्रास्ट्रक्चर को हाथ में लेना।
9. पंचायत निधि में से विकास की स्कीमों के संकर्मों को मंजूर करना, उनका पर्यवेक्षण करना, मानिटर करना और प्रबंध करना तथ इस प्रयोजन के लिये पंचायत निधि में से खर्च उपगत करना।
10. केन्द्र या राज्य सरकार या जिला पंचायत द्वारा सौंपी गई स्कीमों,संकर्मों, परियोजनाओं के निष्पादन को सुनिश्चित करना।
11. ग्राम पंचायतों के माध्यम से या निष्पादन एजेंसियों के माध्यम से ऐसे संकर्मों, स्कीमों कार्यकमों और परियोजनओं को जो उसे अंतरित की गई है उसे लागू करना, निष्पादित करना, पर्यवेक्षण करना, मानिटर करना तथा प्रबंध करना।
12. जनपद पंचायत के लिये यदि काई विशेश संकर्म आवश्यक हो तो उन्हें प्रारंभ करने के लिये जिला पंचायत को सिफारिश करना ।
13. जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय स्थापित करना और उनका मार्गदर्शन करना।
14. केन्द्र या राज्य सरकार या जिला पंचायत द्वारा नियत किए गए मानदण्डों के अनुसार ग्राम पंचायतों को पुनः आंवटित करना।
15. संसाधन जुटाने के लिये समस्त आवश्यक उपाय करना।
16. राज्य सरकार या जिला पंचायत के अनुमोदन या निर्देशों से अन्य कृत्यों का पालन करना जो जनपद पंचायत को सौंपे जाए।

अध्याय पॉच
अधिकारियों/कर्मचारियों के कर्तव्य निर्वहन संबंधी
अधिनियम,नियम, विधिया, उपविधिया, तथा आदेश, निर्देश

जनपद पंचायत के कृत्य :–

(1) इस अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों और ऐसे साधारण या विशेश आदेशों के, जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए जाएं, अध्यधीन रहते हुए, जनपद पंचायत का यह कर्तव्य होगा कि वह जहाँ तक जनपद पंचायत निधि में गुंजाइश हो, खंड में निम्नलिखित कार्य के लिये युक्तियुक्त व्यवस्था करें :–

क. एकीकृत ग्रामीण विकास, कृशि, सामाजिक वानिकी, पशुपालन और मत्स्यपालन,स्वास्थ्य और स्वच्छता, प्रौढ़ शिक्षा, संचार और लोक संकर्म, सहकारिता, कुटीर उद्योग, महिला युवा तथा बाल कल्याण, निःशक्तों तथा निराश्रितों का कल्याण और पिछड़े वर्गों का कल्याण, परिवार नियोजन तथा खेलकूद और ग्रामीण रोजगार कार्यकम;

ख. आग, बाढ़. सूखा, भूकम्प, दुर्भिक्ष, टिड्डीदल, महामारी और अन्य प्राकृतिक आपदाओं में आपातिक सहायता की व्यवस्था करना;

ग. स्थानीय तीर्थयात्राओं तथा त्यौहारों के संबंध में व्यवस्था करना;

घ. सार्वजनिक नौघाटों का प्रबंध करना;

ड. सार्वजनिक बाजारों सार्वजनिक मेलों तथा प्रदशर्नियों का प्रबंध करना; और

च. राज्य सरकार या जिला पंचायत के अनुमोदन से कोई अन्य कृत्य करना।

(1–क) इस अधिनियम के तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए तथा ऐसी नीतियों, निदेशों, अनुदेशों, साधारण या विशेश आदेशों के जैसे कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए जाएं अध्ययीन रहते हुए जनपद पंचायत के निम्नलिखित कर्तव्य होंगे:–

(एक) इस अधिनियम द्वारा उसे सौंपी गई तथा राज्य सरकार या जिला पंचायत द्वारा उसे सौंपी गई आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की स्कीमों के संबंध में वार्शिक योजना तैयार करना और उसे जिला पंचायत की योजना में सम्मिलित किए जाने के लिए विहित समय के भीतर जिला पंचायत को प्रस्तुत करना;

(दो) समस्त ग्राम पंचायतों तथा जनपद पंचायत के आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की स्कीमों के संबंध में वार्शिक योजनाओं पर विचार करना और उन्हें समेकित करना और समेकित योजना को जिला पंचायत को प्रस्तुत करना ;

(तीन) जनपद पंचायत निधि में से हाथ में लिए जाने वाले संकर्मों और विकास स्कीमों की योजना तैयार करना;

(चार). जनपद पंचायतों के भीतर की क्षेत्रीय योजना तथा अवसंरचनात्मक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विकास को हाथ में लेना;

(पांच) पंचायत निधि में से विकास स्कीमों के संकर्मों को मंजूर करना, उनका पर्यवेक्षण करना, मानीटर करना और प्रबंध करना तथा इस प्रयोजन के लिये पंचायत निधि में से खर्च उपगत करना;

(छह) किसी विधि द्वारा उसे सौंपी गई या जो उसे केन्द्र या राज्य सरकार या जिला पंचायत द्वारा सौंपी गई हों ऐसी स्कीमों, संकर्मों परियोजनाओं के निष्पादन को सुनिश्चित करना;

(सात) ग्राम पंचायतों के माध्यम से या निष्पादन एजेंसियों के माध्यम से ऐसे संकर्मों, स्कीमों, कार्यकमों और परियोजनाओं को, जो राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को अंतरित की गई हैं, लागू करना, निष्पादित करना, पर्यवेक्षण करना, मानीटर करना तथा प्रबंध करना;

(आठ) जिला पंचायतों को ऐसे संकर्मों या विकास स्कीमों के संबंध में विचार करने के लिये, जिन्हें जिला पंचायत द्वारा खण्ड में प्रारंभ किया जा सकता है, सिफारिश करना और वह सीमा उपदर्शित करना जहां तक कि ऐसे संकर्मों या स्कीमों के लिए स्थानीय संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं;
(नौ) खण्ड के भीतर की ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय स्थापित करना और उनका मार्गदर्शन करना;
(दस) ऐसी योजनाओं, परियोजनाओं, स्कीमों या अन्य संकर्मों का जो खण्ड में की दो या अधिक ग्राम पंचायतों के साझे के हों, निष्पादन सुनिश्चित करना;
(ग्यारह) अंतरित की गई स्कीमों, संकर्मों तथा परियोजनाओं के संबंध में, केन्द्र या राज्य सरकार या जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गई निधियों को यथास्थिति, केन्द्र या राज्य सरकार या जिला पंचायत द्वारा नियत किए गए मानदण्डों के अनुसार ग्राम पंचायत को पुनः आवंटित करना;
(बारह) किसी विधि द्वारा या केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा उसकों सौपी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए संसाधन जुटाने के लिए समस्त आवश्यक उपाय करना;
(तेरह) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना तथा ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करना जो कि राज्य सरकार द्वारा उसे सौंपे जाएं।,
(2) जनपद पंचायत अपनी अधिकारिता के भीतर यथास्थिति सामुदायिक विकास खंड या आदिम जाति विकास खंड के प्रशासन का नियंत्रण तथा पर्वेक्षण करेगी और ऐसे खंडों को राज्य सरकार द्वारा सौपे गये कृत्य तथा सौंपी गई स्कीमों का कियान्वयन जनपद पंचायत के अधीक्षण, निदेशन तथा नियंत्रण के अधीन ऐसे अनुदेशों के अनुसार किया जाएगा जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिए जाएं।

राज्य सरकार के कतिपय कृत्यों का जनपद पंचायत या जिला पंचायत, को सौंपा जाना –
(1) राज्य सराकर ऐसे किसी विशय के संबंध में, जिस पर राज्य सरकार का कार्यपालिक प्राधिकार है या ऐसे कृत्यों के संबंध में जो केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकार को सौंपे गये हैं, कोई कृत्य जनपद पंचायत या जिला पंचायत , को सौंप सकेगी और जनपद पंचायत या जिला पंचायत, ऐसे कृत्यों का पालन करने के लिये बाध्य होगी, ऐसे कृत्यों का पालन करने के लिये उसे आवश्यक शक्तियां होंगी।
(2) जहां (जनपद पंचायत या जिला पंचायत) को उपधारा (1) के अधीन कृत्य सौंपे जाते हैं, वहां (जनपद पंचायत या जिला पंचायत) उन कृत्यों का निर्वहन करने में राज्य सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करेगी।
(3) राज्य सरकार द्वारा जनपद पंचायत को ऐसी राशि संदत्त की जाएगी जो इस धारा के अधीन जनपद पंचायत या जिला पंचायत , को सौंपे गये कृत्यों के निर्वहन के लिये आवश्यक समझी जाए।
(4) जनपद पंचायत या जिला पंचायत , इस धारा के अधीन उसे सौंपे गये उन कृत्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिये, राज्य सरकार के या उसके द्वारा नियुक्त किसी अन्य प्राधिकारी के साधारण नियंत्रण के अधीन रहेगी और ऐसे निर्देशों का पालन करेगी जो समय–समय उप उसे दिये जाएं।

जनपद पंचायत में निहित सड़कों और भूमियों पर अधिकमण –
(1) जो कोई, जनपद पंचायत में निहित किसी सड़क, मार्ग, भूमि, भवन या संरचना पर कोई परिनिर्माण करेगा या अधिकमण करेगा या कोई बाधा खड़ी करेगा, दोशसिद्धि पर, जुर्माने से, जो एक हजार रूपये, तक का हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा।

(2) मुख्य कार्यपालक अधिकारी को ऐसी बाधा या अधिक्रमण हटाने की शक्ति होगी और इस प्रकार हटाये जाने के व्ययों का संदाय उस व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसने उक्त बाधा खड़ी की है या अधिक्रमण किया है तथा उसके द्वारा संदाय न किया जाने पर उसे भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूल किया जा सकेगा : परन्तु मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऐसी बाधा या अधिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करने पूर्व, लिखित सूचना द्वारा, उस व्यक्ति से, जिसने ऐसी बाधा खड़ी की है या अधिक्रमण किया है, यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह सूचना में विनिर्दिष्ट समय के भीतर उसे हटा ले या इस संबंध में कारण दर्शित करे कि उसे क्यों न हटा दिया जाए।

(3) इस धारा में की कोई बात, किसी जनपद पंचायत को त्यौहारों तथा अवसरों पर ऐसी कालावधि के लिए, जो वह उचित समझे, उपधारा (1) में उल्लिखित स्थानों का, ऐसी रीति में जिससे जनता को या किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो, अस्थायी रूप से अधिभोग करने या उस पर कोई परिनिर्माण करने की अनुज्ञा देने से निवारित नहीं करेगा।

समझौता करने की शक्ति – पंचायत, विहित प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी से, किसी ऐसे वाद के संबंध में जो उसके द्वारा या उसके विरूद्ध संस्थित किया गया है, या किसी ऐसे दावे या मांग के संबंध में जो इस अधिनियम के अधीन उसके द्वारा की गई किसी संविदा से उद्‌भूत है, समझोता ऐसे निबंधनों पर कर सकेगी जो वह उचित समझे।

पंचायत की निधि और उसकी संपत्ति

राज्य सरकार कतिपय संपत्ति पंचायत में निहित कर सकेगी –

(1) राज्य सरकार,अधिसूचना द्वारा, और ऐसी शर्तों और निर्बन्धनों के अध्यधीन रहते हुए, जिन्हें अधिरोपित करना वह उचित समझे, ऐसी किसी संपत्ति को, जो राज्य सरकार में निहित हो, यथास्थिति ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या जिला पंचायत में निहित कर सकेगी।

(2) राज्य सरकार, उपधारा (1) के अधीन पंचायत में निहित की गई किसी संपत्ति का पुनर्ग्रहण कर सकेगी, ऐसे अंतरण के लिए, पंचायत द्वारा संदत्त की गई रकम या पंचायत द्वारा ऐसी संपत्ति पर परिनिर्मित किसी भवन या निष्पादित किए गए किसी संकर्म के उस बाजार मूल्य से जो पुनर्ग्रहण की तारीख को हो, से भिन्न कोई प्रतिकर देय नहीं होगा। परन्तु निहित किये जाने के निर्बन्धनों तथा उसकी शर्तों के उल्लंघन में निर्मित या परिनिर्मित किए गए भवन, संरचना या संकर्मों के संबंध में कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

पंचायत की निधियों का समनुदेशन – राज्य सरकार, ऐसे प्रयोजनों के लिए तथा ऐसी शर्तों ओर सीमाओं के अध्यधीन रहते हुए, जैसा कि राज्य सरकार ठीक समझे, किसी भी पंचायत को राज्य सरकार द्वारा उद्‌गृहीत और संगृहीत ऐसे कर, पथ कर तथा फीस समनुदेशित कर सकेगी और राज्य की संचित निधि में से सहायता अनुदान दे सकेगी।

पंचायत को सहायता अनुदान – राज्य सरकार, पंचायतों को ऐसी सहायता अनुदान देगी जैसा वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर विनिश्चित किया जाए।

स्थावर संपत्ति का अंतरण – (1) किसी पंचायत में निहित या पंचायत की किसी स्थावर संपत्ति का विक्रय, दान बंधक या विनिमय द्वारा या तीन वर्श से अधिक कालावधि के लिए पट्‌टे द्वारा या अन्यथा कोई अंतरण, राज्य सरकार की या उसके द्वारा इस सम्बन्ध में प्राधिकृत किसी अधिकारी की मंजूरी से ही किया जाएगा अन्यथा नहीं।

(2) स्थावर संपत्ति के अंतरण की प्रक्रिया ऐसी होगी जो विहित की जाए।

पंचायत निधि – (1) प्रत्येक पंचायत, एक निधि स्थापित करेगी जो पंचायत निधि कहलाएगी ओर पंचायत द्वारा प्राप्त समस्त राशियां उक्त निधि का भाग होंगी।

(2) पंचायत में निहित समस्त संपत्ति और पंचायत निधि का इस अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए उपयोजन, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए साधारणतः पंचायतों के विकास संबंधी क्रियाकलापों से संबंधित अन्य

प्रयोजनों के लिए या ऐसे अन्य व्यय के लिये किया जाएगा जो राज्य सरकार किसी पंचायत के आवेदन पर या अन्यथा लोकहित में अनुमोदित करे। पंचायत निधि निकटतम सरकारी खजाने या उपखजाने या डाकघर या सरकारी बैंक या अनुसूचित
बैंक या उसकी शाखा में रखी जाएगी।
(3) राज्य सरकार या किसी अन्य व्यक्ति या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा किसी विनिर्दिष्ट कार्य या प्रयोजन के लिए पंचायत को आवंटित किसी राशि का उपयोग केवल उसी कार्य या प्रयोजन के लिए तथा ऐसे अनुदेशों के अनुसार किया जायेगा जो राज्य सरकार इस संबंध मं साधारणतः या विशेशतः जारी करे।
(4) पंचायत निधि में से समस्त रकमें –
(एक) ग्राम पंचायत के मामले में सरपंच तथा सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से,
(दो) यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के मामले में मुख्य कार्यपालक अधिकारी या किसी अन्य अधिकारी के जो मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया हो, हस्ताक्षर से, निकाली जाएंगी, परन्तु जनपद पंचायत या जिला पंचायत के मामले में समस्त रकमें केवल, वार्शिक बजट के अनुसार विस्तृत कार्य योजना की व्यवस्था करने के प्रयोजनों हेतु यथास्थिति, जनपद पंचायत या जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति के पूर्व अनुमोदन से ही निकाली जाएंगी परन्तु यह और भी कि पंचायत निधि में की समस्त प्राप्तियों तथा पंचायत निधि में से समस्त आहरण से संबंधित जानकारी पंचायत के समक्ष उसके आगामी सम्मिलन में रखी जाएगी।
(5) (6) लुप्त
संविदा निष्पादित करने का ढंग – पंचायतों द्वारा संविदाओं को निष्पादित करने का ढंग ऐसा होगा जो विहित किया जाए।
सहायता अनुदान देने की शक्ति – पंचायत, राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के अध्यधीन रहते हुए, सार्वजनिक उपयोगिता के किसी कार्य के लिए सहायता अनुदान दे सकेगी।

सचिव तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति –
(1) राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी, किसी ग्राम पंचायत के लिये या एक से अधिक ग्राम पंचायतो के समूह के लिए एक सचिव नियुक्त कर सकेगा; परन्तु इस अधिनियम के प्रवृतत होने के ठीक पूर्व ग्राम पंचायत के सचिव का प्रभार धारण करने वाला व्यक्ति, इस धारा के अनुसार सचिव की नियुक्ति हो जाने तक, उस रूप में कृत्य करता रहेगा, परन्तु यह ओर भी कि कोई व्यक्ति ग्राम पंचायत के सचिव का कार्यभार ग्रहण नहीं करेगा यदि व्यक्ति संबंधित ग्राम पंचायत के किसी पदाधिकारी का नातेदार है;
स्पष्टीकरण – इस उपधारा के प्रयोजन के लिए, अभिव्यक्ति ''नातेदार'' का अर्थ है पिता, माता, भाई, बहिन, पति, पत्नी, पुत्र पुत्री, श्वसुर, सास, साला, बहनोई, देवर, साली, भाभी, ननद, देवरानी, जेठानी, दामाद या पुत्रवधु। ,
(2) राज्य सरकार प्रत्येक जनपद पंचायत के लिए एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्ति करेगी और एक या उससे अधिक अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को भी नियुक्त कर सकेगी, जो ऐसे कृत्यों का निर्वहन तथा ऐसे कर्तव्यों का पालन करेंगे जो कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा उन्हें समनुदेशित किए जाएं।,
(3) राज्य सरकार प्रत्येक जिला पंचायत के लिए एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नियुक्त करेगी और एक या अधिक अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा कार्यपालक अधिकारी भी नियुक्त कर सकेगी जो ऐसे कृत्यों का निर्वहन और ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा जो उसे मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समनुदेशित किए जाएं। ,

अधिसूचना अधिसूचना क. एफ. 3–3–96–बाईस–पं.–2 दिनांक 2 फरवरी, 1998 – मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (कमांक 1 सन् 1994) की धारा 69 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, जिला उप–संचालक, पंचायत तथा समाज कल्याण को, संबंधित जिले की जिला पंचायत का पदेन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में नियुक्त करती है।
(म.प्र. राजपत्र (असाधारण) दिनांक 2.2.98 पृष्ठ 64 (3) पर प्रकाशित)
(4) ग्राम पंचायत के सचिव या जनपद पंचायत या जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी , की छुट्टी, सेवानिवृत्त या मृत्यु या त्यागपत्र के कारण या अन्यथा अनुपस्थिति के दौरान, विहित प्राधिकारी, यथासंभव शीघ्र, यथास्थिति ग्राम पंचायत के सचिव या जनपद पंचायत या जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी , के पद का कार्य चलाने के लिए ऐसा इंतजाम करेगा जैसा वह उचित समझे। कोई व्यक्ति ऐसे पद कार्य करते समय उन समस्त शक्तियों का प्रयोग करेगा जो इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा यथास्थिति ग्राम पंचायत के सचिव या जनपद पंचायत या जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, को प्रदत्त की गयी है।
(5) ग्राम पंचायत का सचिव जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यथास्थिति, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत के अभिलेखों को रखने और उनके बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होगा।
धारा –70. पंचायत के अन्य अधिकारी और सेवक –
(1) प्रत्येक पंचायत धारा 69 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, विहित प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, ऐसे अन्य अधिकारियों तथा सेवकों की नियुक्ति कर सकेगी जिन्हें वह अपने कर्तव्यों के दक्ष निर्वहन के लिए आवश्यक समझे।
(2) ऐसे अधिकारियों और सेवकों की अर्हताएं भरती की पद्धति, वेतन, छुट्टी, भत्ते, तथा सेवा की अन्य शर्तें जिनमें अनुशासनिक मामले सम्मिलित हैं, ऐसी होंगी जो विहित की जाए।
धारा –71. शासकीय सेवकों की प्रतिनियुक्ति –
राज्य सरकार अपने ऐसे सेवकों को जिन्हें वह आवश्यक समझे, पंचायत की सेवा में प्रतिनियुक्ति कर सकेगी। ऐसे प्रतिनियुक्त सेवकों की सेवा शर्तें ऐसी होगी जो राज्य सरकार द्वारा समय समय पर, विहित की जाये।
धारा –72. मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा सचिव के कृत्य – ग्राम पंचायत के सचिव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा (जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी) के कृत्य ऐसे होंगे जो विहित किए जाएं।
धारा –75. खण्ड के भीतर संपत्ति के अंतरण पर शुल्क – उन लिखतों पर, जो खण्ड के भीतर स्थित स्थावर सम्पत्ति के विकय, दान या बंधक से संबंधित हों, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का सं. 2) के अधीन अधिरोपित शुल्क में, ऐसी सम्पत्ति के मूल्य पर या बंधक की दशा में उस रकम पर, जो लिखत द्वारा प्रतिभूत की गई है, एक प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी, परन्तु बन्धक के संबंध में उद्ग्रहीत किया गया ऐसा अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क उस पर लगाए गए स्टाम्प शुल्क की रकम से अधिक नहीं होगा : परन्तु यह और भी की ऐसी लिखने के संबंध से जिसे भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन स्टाम्प शुल्क से छूट दी गई है कोई अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क उद्ग्रहीत नहीं किया जायेगा।
धारा – 76. जिला पंचायत राज निधि –
(1) जिला स्तर पर ''जिला पंचायत राज निधि'' के नाम से एक पृथक निधि (जो इसमें इसके पश्चात ''उक्त निधि'' के नाम से निर्दिष्ट है) गठित की जाएगी ओर उसे ऐसी रीति में, जैसी कि राज्य सरकार द्वारा विहित की जाए, चलाया जाएगा।

(2) धारा 77 की उपधारा (3) के अधीन विकास कर और उसके साथ ऐसे अन्य कर,शुल्क, पथकर, फीस तथा अन्य प्राप्तियां जैसी कि राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं के आगम, उसमें से ऐसे वसूली प्रभारों की, जैसे कि समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा अवधारित किए जाएं, कटौती करने के पश्चात् उक्त निधि में जमा किए जाएंगे।,
(3) धारा 75 के अधीन अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के आगम प्रथमतः राज्य की संचित निधि में, ऐसी रीति में जैसी कि विहित की जाए, जमा किए जाएंगे और राज्य सरकार प्रत्येक वित्तीय वर्श के प्रारम्भ होने पर, यदि विधानसभा द्वारा इस निमित विधि द्वारा किए गए विनियोग द्वारा ऐसा उपबंध किया जाए, राज्य की संचित निधि में से ऐसी रकम निकाल सकेगी जो पूर्ववर्ती वित्तीय वर्श में राज्य सरकार द्वारा उगाहे गये आगमों के बराबर होगी।
धारा – 76–क. रकम का पंचायतों के बीच संवितरण– (1) (2) लुप्त (3) किसी जनपद पंचायत क्षेत्र से धारा 77 की उपधारा (3) के अधीन उगाहा गया विकास कर संबंधित जनपद पंचायत और उस जनपद पंचायत के भीतर की ग्राम पंचायतों को, ऐसे अनुपात में तथा ऐसी रीति में, जैसी कि विहित की जाए, अंतरित किया जाएगा।
(4) अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क से संबंधित रकम जनपद पंचायतों को सहायता अनुदान के रूप में, ऐसे नियमों के अध्यधीन रहते हुए, जैसे कि इस निमित्त बनाए जाएं, दी जाएगी।
(5) निधि में जमा की गई धारा 76 की उपधारा (2) के अधीन विनिर्दिष्ट किए गए अन्य करों, शुल्कों, पथकरों, फीस तथा अन्य प्राप्तियों से संबंधित रकम पंचायतों के बीच, ऐसी रीति में जैसी कि विहित की जाए, संवितरित की जाएगी।
धारा –77. अन्य कर – (1) इस अधिनियम के उपबंधों तथा ऐसी शर्तों और अपवादों जो विहित किए
जाएं, अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट कर अधिरोपित करेगी।
(2) जनपद पंचायत के पूर्व अनुमोदन से ग्राम पंचायत, और जिला पंचायत के पूर्व अनुमोदन से जनपद पंचायत, अनुसूची –2 में विनिर्दिष्ट करों में से कोई भी कर अधिरोपित कर सकेगी।
(3) जनपद पंचायत कृशि भूमि पर विकास कर उद्गृहीत कर सकेगी। इस प्रकार उद्गृहीत कर उसी रीति में देय होगा जिस रीति में भू–राजस्व देय होता है।
77.–क. कर अधिरोपित करने की शक्ति – (1) इस अधिनियम के उपबंधों तथा ऐसी शर्तों और अपवादों के जो कि विहित किए जाएं अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक ग्राम सभा अनुसूची 1–क में विनिर्दिष्ट करों को अधिरोपित करेगी।
(2) ग्राम सभा, अनुसूची 2–क में विनिर्दिष्ट कोई भी कर अधिरोपित कर सकेगी।,

धारा –84. पंचायतों के कार्य का निरीक्षण –
(1) राज्य सरकार के ऐसे अधिकारी, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत किया गया हैं, ऐसे निबंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किए जायें, किसी पंचायत की कार्यवाहियों का निरीक्षण कर सकेंगे।
(2) उपधारा (1) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी, पंचायतों का निरीक्षण करने के लिए ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे जो विहित की जायें।
(3) पंचायत के पदधारी और अधिकारी तथा सेवक ऐसी समस्त जानकारी देने तथा अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होंगे जो निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा मांगी जाए।
धारा –85. आदेशों आदि का निष्पादन, निलंबित करने की शक्ति –
(1) राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी, लिखित आदेश द्वारा, और उसमें कथित किए जाने वाले कारणों से, पंचायत द्वारा पारित किसी संकल्प के, जारी किए गए किसी आदेश, या दी गई अनुज्ञप्ति या अनुज्ञा के निष्पादन को निलंबित कर सकेगा या किसी पंचायत द्वारा किसी कृत्य के पालन को प्रतिशिद्ध कर सकेगा, यदि उसकी राय में –

क. ऐसा संकल्प, आदेश, अनुज्ञप्ति, अनुज्ञा या कार्य वैध रूप से पारित, जारी मंजूर या प्राधिकृत नहीं किया गया है/नहीं की गई है, या
ख. ऐसा संकल्प, आदेश, अनुज्ञप्ति, अनुज्ञा या कार्य इस अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के परे है या किसी विधि के प्रतिकूल है, या
ग. ऐसे संकल्प या आदेश के निष्पादन से या ऐसी अनुज्ञप्ति या अनुज्ञा के लगातार
प्रवृत्त बने रहने से या ऐसा कार्य किए जाने से –
(एक) पंचायत में निहित किसी धन की हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोग होना या उसमें निहित किसी संपत्ति को नुकसान होना संभाव्य है;
(दो) सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा या सुविधा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभाव्य है;
(तीन) जनता या व्यक्तियों के किसी वर्ग या निकाय को क्षति या क्षोभ होना संभाव्य है; या
(चार) शांति भंग होना संभाव्य है।
(2) जब कभी विहित प्राधिकारी द्वारा उपधारा (1) के अधीन कोई आदेश किया जाता है, तो वह तत्काल और प्रत्येक दशा में आदेश की तारीख से अधिक से अधिक दस दिन के भीतर, उस आदेश की एक प्रति और उसके साथ उसके किए जाने के कारणों का विवरण राज्य सरकार या राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट किये गये अधिकारी को अग्रेशित करेगा और राज्य सरकार या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट किए गये अधिकारी ऐसे आदेश की पुष्टि कर सकेगा, उसे अपास्त कर सकेगा, उसे पुनरीक्षित कर सकेगा या उसे उपान्तरित कर सकेगा, या यह निदेश दे सकेगा कि वह आदेश उपान्तरण सहित या उसके बिना स्थायी रूप से ऐसी कालावधि के लिए, जैसी वह ठीक समझे, प्रवृत्त बना रहेगा, परन्तु विहित, प्राधिकारी द्वारा उपधारा (1) के अधीन पारित किया गया कोई भी आदेश, राज्य सरकार या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट किसी भी अधिकारी द्वारा तब तक पुष्ट,अपास्त, पुनरीक्षित या उपांतरित नहीं किया जाएगा जब तक कि संबंधित पंचायत को प्रस्तावित आदेश के विरूद्ध सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया जाता है।
धारा –88. पंचायत के कार्यकलापों की जांच – राज्य सरकार, समय–समय पर, अपने किन्हीं अधिकारियों द्वारा किसी पंचायत की जांच, उससे संबंधित विशयों के बारे में या किसी ऐसे विशय के बारे में, जिसके संबंध में राज्य सरकार की मंजूरी, अनुमोदन, सम्मति या आदेश इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन अपेक्षित है, करवा सकेगी।
धारा –91. अपील और पुनरीक्षण– इस अधिनियम के अधीन पंचायतों के तथा अन्य प्राधिकारियों के
आदेशों या कार्यवाहियों के विरुद्ध अपील या पुनरीक्षण ऐसे प्राधिकारी को तथा ऐसी रीति में होगा जैसा विहित किया जाय।
धारा –92. अभिलेख और वस्तुयें वापस कराने तथा धन वसूल करने की शक्ति – (1) जहां विहित प्राधिकारी की यह राय हो कि कोई व्यक्ति पंचायत या ग्राम निर्माण समिति तथा ग्राम विकास समिति , का कोई अभिलेख या वस्तुयें या धन अपनी अभिरक्षा में अप्राधिकृत रूप से रखे हुये है तो वह, लिखित आदेश द्वारा, यह अपेक्षा कर सकेगा कि ऐसा अभिलेख या वस्तुयें या धन, ऐसे अधिकारी की उपस्थिति में जिसे विहित प्राधिकारी इस संबंध में नियुक्त करे, पंचायत या ग्राम निर्माण समिति तथा ग्राम विकास समिति , को तुरन्त परिदत्त या संदत्त कर दिया जाए।
(2) यदि कोई व्यक्ति उपधारा (1) के अधीन निर्देशित किए गए अनुसार अभिलेख या वस्तुये परिदत्त नहीं करता है या धन का संदाय नहीं करता या ऐसा करने से इंकार करता है तो विहित प्राधिकारी उसे गिरफ्तार करवा सकेगा और उसे वारंट के साथ, जो ऐसे प्रारूप में होगा, जो विहित किया जाए, सिविल जेल में 30 दिन से अधिक न होने वाली कालावधि के लिए परिरूद्ध रखे जाने के लिए भेज सकेगा।
(3) विहित प्राधिकारी–

(क) कोई ऐसा धन वसूल करने के लिये यह निर्देश दे सकेगा कि ऐसा धन–भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूल किया जाए और
(ख) किसी ऐसे अभिलेख या किन्ही ऐसी वस्तुओं को वापस कराने के लिए तलाशी वारंट जारी कर सकेगा और उसके संबंध में ऐसी समस्त शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा, जो किसी मजिस्ट्रेट द्वारा दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 (1974 का सं. 2) के अध्याय 7 के उपबंधों के अधीन विधिपूर्वक प्रयोग में लाई जा सकती हों।
(4) उपधारा (1) या (2) या (3) के अधीन कोई कार्यवाही तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि संबंधित व्यक्ति को इस संबंध में कारण बताने के लिए युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो कि उसके विरूद्ध ऐसी कार्यवाही क्यों न की जाए।
(5) केोई ऐसा व्यक्ति जिसके विरूद्ध इस धारा के अधीन केोई कार्यवाही की जाती है, ऐसी कार्यवाही आरम्भ की जाने से छह,वर्श की कालावधि के लिए, किसी पंचायत या ग्राम निर्माण समिति तथा ग्राम विकास समिति, का सदस्य होने के लिए निरर्हित होगा।
धारा –93. शक्तियों का प्रत्यायोजन – (1) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम द्वारा या
उसके अधीन उसे प्रदत्त समस्त या किन्हीं शक्तियों को, नियम बनाने संबंधी शक्तियों के सिवाय, अपने अधीनस्थ किसी अधिकारी को या किसी पंचायत को प्रत्यायोजित कर सकेगी।
(2) उपधारा (1) के अधीन प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग, राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किए गए साधारण या विशेश आदेशों के अनुसार किया जाएगा।
(3) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के अधीन विभिन्न प्राधिकारियों को विहित कर सकेगी।
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अधिसूचना भोपाल, दिनांक 5 मार्च 1994 कमांक 309–126–बाईस–पं–2–94 मध्यप्रदेश पंचायतराज अधिनियम 1993 (क 1 सन् 1994) की धारा 93 की उपधारा (3) के साथ पठित धारा 2 के खण्ड (इक्कीस) व्दारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए ओर इस विभाग की अधिसूचना क 1919–837–बाईस–पं–2–90 दिनांक 31 जुलाई 1990, कमांक 2101–837–बाईस–पं–2–90, दिनांक 25 अगस्त 1990 क. 2436–837–बाईस–पं–2–90, दिनांक 26 सितम्बर 1990 तथा क. 36–1270–बाईस–पं. –2–90 दिनांक 8 जनवरी 1991 को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्व्दारा, यह निर्देश देती है कि नीचे दी गई सारणी के कालम(2)में वर्णित अधिकारी या प्राधिकारी उसके कालम (3)की तत्स्थानी प्रविष्टि में वर्णित की गई उक्त अधिनियम की धाराओं के प्रयोजन के लिए विहित प्राधिकारी के कृत्यों का निर्वहन करेगें –
सारणी
अनु.क. अधिकारी या प्राधिकारी धारा (1) (2) (3) (4) 1 कलेक्टर 13(4)(एक)तथा (6) 2 पंचायत तथा समाज शिक्षा संगठक, 12 मुख्यकार्यपालनअधिकारी, जनपदपंचायत 39(1) (2) 2. जनपद पंचायत के सदस्य. अध्यक्ष, तथा उपाध्यक्ष के लिए कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 39(1) जनपद पंचायत के सदस्य.अध्यक्ष, तथा उपाध्यक्ष संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त 39(2) 3.जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्य के लिए राज्य शासन 39(2)
27(1) ग्राम पंचायत के लिए– उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 40(1)
(2) जनपद पंचायत के लिए कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 40(1)
(3) जिला पंचायत के लिए– संभागीयआयुक्त /अतिरिक्त आयुक्त 40(1)
28 कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 41
29(1) ग्राम पंचायत के लिए– उपखण्ड अधिकारी 45
(2) जनपद पंचायत के लिए कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 45
(3) जिला पंचायत के लिए– संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त 45
30(1) जनपद पंचायत के लिए कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 47(2)
(2) जिला पंचायत के लिए संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त 47(2)

31 उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 55(4)
32 उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 59
33(1) ग्राम पंचायत के लिए उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 61
(2) जनपद पंचायत के लिए कलेक्टर /अतिरिक्त कलेक्टर 61
(3) जिला पंचायत के लिए– संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त 61
33ए(1) ग्राम पंचायत के लिए कलेक्टर /अतिरिक्त कलेक्टर 65
(2) जनपद पंचायत के लिए कलेक्टर /अतिरिक्त कलेक्टर 65
(3) जिला पंचायत के लिए– आयुक्त /अपर आयुक्त 65
34(1) ग्राम पंचायत के लिए उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 68
(2) जनपद पंचायत के लिए कलेक्टर /अतिरिक्त कलेक्टर 68
(3) जिला पंचायत के लिए संभागीयआयुक्त /अतिरिक्त आयुक्त 68
35 कलेक्टर 69(1)
36(1) ग्राम पंचायत के लिए कलेक्टर 69(4)
(2) जनपद पंचायत के लिए कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 69(4)
(3) जिला पंचायत के लिए– संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त 69(4)
37(1) ग्राम पंचायत के लिए कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 70(1)
(2) जनपद पंचायत के लिए संभागीय आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त 70(1)
(3) जिला पंचायत के लिए राज्य सरकार 70(1)
38(1) ग्राम पंचायत के लिए जिला उप संचालक,पंचायत 73(3)
(2) जनपद पंचायत के लिए जिला उप संचालक पंचायत 73(3)
(3) जिला पंचायत के लिए– संचालक,पंचायत एंव समाज कल्याण 73(3)
39(1) ग्राम पंचायत के लिए– उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 79
(2) जनपद पंचायत के लिए– कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 79
142
40(1) ग्राम पंचायत के लिए– उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 85(1)
(2) जनपद पंचायत के लिए– कलेक्टर 85(1)
(3) जिला पंचायत के लिए– संभागीय आयुक्त 85(1)
40 अ ग्राम पंचायत के लिए– कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 85(2)
जनपद पंचायत के लिए– संभागीय आयुक्त/अति. आयुक्त 85(2)
जिला पंचायत के लिए– राज्य शासन 85(2)
41(1) ग्राम पंचायत के लिए– कलेक्टर /अतिरिक्त कलेक्टर 86(1)(2)
(2) जनपद पंचायत के लिए– कलेक्टर 86(1)(2)
(3) जिला पंचायत के लिए– संभागीयआयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त 86(1)(2)
42(1) ग्राम पंचायत के लिए– संचालक,पंचायत एंव समाज कल्याण 87(1)तथा (3)(ख)
(2) जनपद पंचायत के लिए– संचालक,पंचायत एंव समाज कल्याण 87(1)तथा (3)(ख)
(3) जिला पंचायत के लिए– संचालक,पंचायत एंव समाज कल्याण 87(1)तथा (3)(ख)
43 कलेक्टर/अतिरिक्त कलेक्टर 89(1)
44(1) ग्राम पंचायत के लिए– उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) 92(1)(2)तथा (3)
(2) जनपद पंचायत के लिए– कलेक्टर /अतिरिक्त कलेक्टर 92(1)(2)तथा (3)
(3) जिला पंचायत क`लिए– संभागीय आयुक्त/ अतिरिक्त आयुक्त

92(1)(2)तथा (3)
45(1) ग्राम पंचायत के लिए– जिला उप संचालक, पंचायत 96 (3)
(2) जनपद पंचायत के लिए– संभागीय संयुक्त संचालक पंचायत 96(3)
(3) जिला पंचायत– संचालक पंचायत एंव समाज कल्याण 96 (3)
46(1) ग्राम पंचायत के लिए– जिला उप संचालक, पंचायत 100
(2) जनपद पंचायत के लिए– संभागीय संयुक्त संचालक पंचायत 100
(3) जिला पंचायत के लिए– संचालक, पंचायत एंव समाज कल्याण 100
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार व्ही.एस.निरन्जन, उप सचिव

94. नियंत्रण की साधारण शक्ति – इस अधिनियम से या उसके अधीन बनाये गये नियमों से संबंधित समस्त विशयों में वे समस्त अधिकारियों, जो इस अधिनियम द्वारा उसके अधीन कार्य करने के लिए सशक्त है, उसी प्राधिकारी के नियंत्रण के अध्यधीन होंगे जिसके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन वे सामान्यतः अपने पद के कृत्यों का पालन करते हैं।

नियम और उपविधियां

धारा –95. नियम बनाने की शक्ति – (1) राज्य सरकार, इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) विशिष्टतः और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियमों में उन समस्त या किन्हीं विशयौं के लिए उपबन्ध हो सकेंगे जिनके लिए इस अधिनियम के किसी उपबन्ध के अधीन नियमों द्वारा विहित किया जाना या उपबन्धित किया जाना अपेक्षित है।

(3) समस्त नियम पूर्व प्रकाशन की शर्त के अध्यधीन होंगे।

(4) समस्त नियम विधानसभा पटल पर रखे जायेंगे।

(5) कोई नियम बनाते समय, राज्य सरकार यह निर्देश दे सकेगी कि उसका भंग, जुर्माने से, जो दो सौ पचास रूपये तक का हो, कर सकेगा और चालू रहने वाले भंग की दशा में, अतिरिक्त जुर्माने से, जो प्रथम दोशसिद्धि के पश्चात से ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान भंग चालू रहता है, पांच रूपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

धारा –96. उपविधियां – (1) पंचायत या ग्राम सभा, इस अधिनियम तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों से संगत उपविधियां बना सकेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन उपविधियां बनाते समय पंचायत या ग्राम सभा , यह निर्देश दे सकेगी कि उसका भंग, जुर्माने से जो दो सौ पचास रूपये तक का हो सकेगा और चालू रहने वाले भंग की दशा में अतिरिक्त जुर्माने से, जो प्रथम दोशसिद्धि के पश्चात से ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान भंग चालू रहता है, पांच रूपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

(3) कोई उपविधि तब तक प्रवृत्त नहीं होगी जब तक कि विहित प्राधिकारी द्वारा उसकी पुष्टि न कर दी जाए।

(4) उपविधियां बनाने तथा उनके अनुमोदन की रीति ऐसी होगी जो विहित की जाए।

धारा – 97. आदर्श (मॉडल) उपविधियां – (1) राज्य सरकार, पंचायतों के मार्गदर्शन के लिए समय
समय पर आदर्श उपविधियां बना सकेगी।

(2) राज्य सरकार किसी {पंचायत या ग्राम सभा} को यह निदेश दे सकेगी कि वह ऐसी आदर्श उपविधियों को इस प्रकार उपांतरित करते हुए, जिससे वे स्थानीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हो सकें अंगीकार करें।

(3) यदि पंचायत या ग्राम सभा उपधारा (2) के अधीन निर्देशों का पालन छह माह के भीतर नहीं करती है, तो भारतीय सरकार ऐसी पंचायत या ग्राम सभा, को ऐसी आदर्श उपविधियां लागू कर सकेगी।

(4) धारा 96 की उपधारा (4) के उपबंध इस धारा के अधीन उपविधियों को अंगीकार किए जाने या उनके लागू किए जाने के संबधं में लागू होंगे।

शास्ति

धारा –98. निरर्हित हो जाने पर पंच, सदस्य, सरपंच, उप–सरपंच, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की हैसियत में कार्य करने के लिए शास्ति (1) जो कोई यह जानते हुए कि वह किसी पंचायत के पंच या सदस्य का पद धारण करने का हकदार नहीं है या उस रूप में पद धारण करने का हकदार नहीं रह गया है। ऐसे पंच या सदस्य की हैसियत से कार्य करेगा दोशसिद्धि पर जुर्माने से, जो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसको वह ऐसे पंच या सदस्य की हैसियत से बैठता है या मत देता है, पचास रूपये तक का हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा।

(2) जो कोई यह जानते हुए कि वह सरपंच या उप सरपंच, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष, का पद धारण करने का हकदार नहीं है या उस रूप में ऐसा पद धारण करने का हकदार नहीं रह गया है, उस हैसियत से कार्य करेगा, दोशसिद्धि पर, जुर्माने से, जो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसको वह उस हैसियत में कार्य या कृत्य करेगा, एक सौ रूपये तक का हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा।

(3) कोई व्यक्ति, जिसकी पदावधि का अवसान हो गया है या उसने त्यागपत्र दे दिया है या जिसके विरूद्ध अविश्वास का प्रस्ताव पारित कर दिया है या जिसे पंचायत के किसी पद से हटा दिया है, अपने कब्जे या नियंत्रण में के ऐसे किसी अभिलेख, वस्तु या धन, या अन्य सम्पत्ति, जो पंचायत में निहित है या पंचायत की है, अपने पदोत्तरवर्ती को तत्काल नहीं सौंपेगा, वह दोशसिद्धि पर, जुर्माने से, जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा ।

धारा – 99. हितबद्ध सदस्यों द्वारा मत दिए जाने के लिए शास्तियां – जो कोई किसी ऐसे मामले में जो पंचायत के विचाराधीन हो हितबद्ध होते हुए उस मामले में मत देगा, दोशसिद्धि पर, जुर्माने
से जो दो सौ पचास रूपये तक का हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा।

धारा – 100. किसी सदस्य, पदधारी या सेवक द्वारा संविदा में हित अर्जित करने के लिए शास्ति–यदि पंचायत का कोई सदस्य या पदधारी या सेवक पंचायत के साथ या उसके द्वारा या उसकी ओर से की गई किसी संविदा या किए गए किसी नियोजन में प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः कोई वैयक्तिक अंश या हित, विहित प्राधिकारी की मंजूरी या अनुज्ञा के बिना जानते हुए अर्जित करता है, तो उसके बारे मे यह समझा जाएगा कि उसने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का सं. 45) की धारा 168 के अधीन अपराध किया हैं।

धारा – 101. अधिकारियों आदि का सदोश अवरोध.–कोई भी व्यक्ति, जो पंचायत के किसी अधिकारी या सेवक को या किसी ऐसे व्यक्ति को जिसे ऐसे अधिकारी या सेवक ने किसी स्थान, भवन
या भूमि पर या उसमें प्रवेश करने की अपनी शक्तियां विधिपूर्वक प्रत्यायोजित की है, उस स्थान, भवन या भूमि पर या उसमें प्रवेश करने की उसकी विधिपूर्वक शक्तियों का प्रयोग करने से रोकेगा तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने भारतीय दण्ड संहिता 1860 (1860 का सं. 45) की धारा 341 के अधीन अपराध किया है।

धारा – 102. पंचायतो के सदस्य आदि को बाधा पहुंचाने का प्रतिशेध. – कोई भी व्यक्ति जो पंचायत के किसी सदस्य, पदधारी या सेवक को या किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसके साथ किसी पंचायत द्वारा या उसकी ओर से कोई संविदा की गई है, उसके कर्तव्य के निर्वहन में या कोई ऐसी बात करने में जिसे करने के लिए वह सशक्त है, बाधा पहुंचाएगा वह दोशसिद्धि पर, जुर्माने से, जो दो सौ पचास रूपये तक का हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा।

धारा – 104. जानकारी न देने या मिथ्या जानकारी देने के लिए शास्ति. – कोई व्यक्ति जो इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमो द्वारा उसके अधीन जारी की गई किसी

सूचना या किसी अन्य आदेशिका द्वारा कोई जानकारी देने के लिए अपेक्षित किया गया है, ऐसी जानकारी देने का लोप करेगा या जानबूझकर मिथ्या जानकारी देगा, दोशसिद्धि पर, जुर्माने से,जो दो सौ पचास रूपये तक का हो सकेगा, दण्डित किया जाएगा।

धारा –106. किसी भी पंचायत को नुकसान की प्रतिपूर्ति किए जाने की प्रकिया – यदि किसी कार्य, उपेक्षा या व्यतिकम द्वारा जिसके कारण किसी व्यक्ति ने इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अधिरोपित कोई शास्ति उपगत की है और किसी व्यक्ति द्वारा किसी पंचायत की संपत्ति को कोई नुकसान पहंचाया गया है, तो वह ऐसे नुकसान की प्रतिपूर्ति करने और साथ ही ऐसी शास्ति का संदाय करने के लिये दायी होगा और विवाद के मामले में नुकसान का मूल्य उस मजिस्ट्रेट द्वारा अवधारित किया जाएगा जिसने ऐसी शास्ति उपगत करने वाले व्यक्ति को सिद्धदोश ठहराया है और भंग करने पर ऐसे मूल्य का संदाय न किया जाने पर, वह राशि भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली योग्य होगी।

धारा –111. पंचायत के सदस्य या सेवक लोक सेवक होंगे – पंचायत का प्रत्येक पदधारी और

उसका प्रत्येक अधिकारी या सेवक भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का सं 45) की धारा 21 के अर्थ के अंतर्गत लोक सेवक समझे जाएंगे।

धारा –116. वसूल न की जा सकने वाली धनराशियां तथा अनुपयोगी सामग्री का बट्टे खाते में डाला जाना – पंचायतों को शोध्य ऐसी धनराशियां जो वसूल न की जा सकती हों तथा ऐसी सामग्री जो उपयोगी न हो, विहित रीति में बट्टे खाते में डाल दी जाएगी।

धारा –117. सदस्यों आदि को पारिश्रमिक का प्रतिशेध – पंचायत के किसी भी सदस्य को पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार का कोई पारिश्रमिक या भत्ता इस संबंध में बनाए गए नियमों के अनुसार ही दिया जाएगा अन्यथा नहीं।

धारा –118. पंचायत या ग्राम सभा के अभिलेख आदि का निरीक्षण किया जा सकेगा – इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों के अध्यधीन रहते हुए और ऐसी फीस के संदाय करने पर, जो विहित की जाए पंचायत या ग्राम सभा तथा उसकी किसी समिति के अभिलेखों का ऐसे व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकेगा जो उसकी वांछा करें, और उसकी प्रमाणित प्रतिलिपियां ऐसे व्यक्तियों को जो उनके लिए आवेदन करें, ऐसी फीस का संदाय करने पर जैसा कि विहित की जाए, दी जाएगी।

धारा –119. दस्तावेज आदि तामील करने की पद्धति – इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम, उपविधि या आदेश के अधीन किसी सूचना अन्य दस्तावेजों की तामील विहित रीति में की जाएगी।

धारा –122. निर्वाचन याचिका – (1) इस अधिनियम के अधीन किए गए किसी निर्वाचन को–
(एक) ग्राम पंचायत या ग्राम सभा के मामले में उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) को,
(दो) जनपद पंचायत के मामले में कलेक्टर को, और
(तीन) जिला पंचायत के मामले में संभाग आयुक्त को विहित रीति में केवल याचिका पेश करके ही प्रश्नगत किया जाएगा अन्यथा नहीं।
(2) ऐसी कोई भी अर्जी तब तक ग्रहण नहीं की जाएगी जब तक वह उस तारीख से, जिसको प्रश्नगत निर्वाचन अधिसूचित किया गया था, तीस दिन के भीतर पेश न की जाए।
(3) ऐसी अर्जी की जांच या उसका निपटारा ऐसी प्रकिया के अनुसार किया जाएगा जो विहित की जाए।

संपरीक्षा

धारा –129. पंचायतों की संपरीक्षा – (1) पंचायतों के लेखाओ की संपरीक्षा करने के लिए राज्य

सरकार के नियंत्रणाधीन एक पृथक तथा स्वतंत्र संपरीक्षा संगठन होगा।
(2) संपरीक्षा संगठन में राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किये जाने वाले ऐसे अधिकारी तथा

सेवक होंगे जैसा कि राज्य सरकार समय—समय पर नियुक्त करना उचित समझे।
(3) पंचायतों के लेखाओं की संपरीक्षा, संदाय की जाने वाली संपरीक्षा फीस और ऐसी संपरीक्षा रिपोर्टों पर कार्यवाही की रीति ऐसी होगी जो विहित की जाए।

धारा — 131. विद्यमान स्थायी कर्मचारियों के संबंध में व्यावृत्तियां — इस अधिनियम में या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम या उपविधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, पंचायत के समस्त स्थायी अधिकारियों तथा सेवकों या अन्य कर्मचारियों के वेतन तथा भत्ते, पेशंन तथा सेवानिवृत्ति फायदे जो उस तारीख को हैं जिसको यह अधिनियम प्रवृत्त होता है, विद्यमान वेतन और भत्ते, पेंशन तथा सेवानिवृत्ति फायदे होंगे।
धारा —132. कठिनाईयां दूर करने की शक्ति (1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावशील करने
में कोई कठिनाई उद्‌भूत होती है, तो राज्य सरकार आदेश द्वारा उसके उपबंधों से असंगत न होने वाली कोई भी ऐसी बात कर सकेगी जो उसे ऐसी कठिनाई दूर करने के प्रयोजन के लिये आवश्यक या समीचीन प्रतीत होती है; परन्तु इस धारा के अधीन कोई ऐसा आदेश, इस अधिनियम के प्रवृत्त होने की तारीख से दो वर्श की कालावधि का अवसान हो चुकने के पश्चात नहीं किया जाएगा।
(2) इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश विधानसभा पटल पर रखा जाएगा।
जनपद पंचायत के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की शक्तियां तथा कृत्य—
(एक) अध्यक्ष —
(क) इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिये उसके द्वारा पारित जनपद पंचायत के संकल्पो को;
(ख) इस अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए समस्त निर्देश ;
(ग) अधिनियम की धारा 50 के अधीन जनपद पंचायत को समनुदेशित किए गए समस्त कृत्य कियान्वित करने या कार्यान्वित करने के लिए प्रत्यक्षतः उत्तरदायी होगा।
(दो) अध्यक्ष —
वे शक्तियां या कृत्य, जो अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन विशिष्टतः प्रदत्त किए गए हैं, के अतिरिक्त :—
(क) जनपद पंचायत के सम्मिलनों की अध्यक्षता तथा उनका विनियमन करेगा;
(ख) जनपद पंचायत के अभिलेखों तथा रजिस्टरों की समुचित अभिरक्षा सुनिश्चित करेगा तथा उन्हें बनाए रखेगा।
(ग) जनपद पंचायत के कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्य या की गई कार्रवाई का पर्यवेक्षण करेगा तथा उस पर नियंत्रण रखेगा;
(घ) जनपद पंचायत निधि की सुरक्षित अभिरक्षा के लिये उत्तरदायी होगा;
(ड.) जनपद पंचायत निधि का, जिसमें संदाय के प्राधिकार चेकों का जारी करना तथा वापसी आदि सम्मिलित है, का इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार संचालन करेगा;
(च) इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन अपेक्षित किए गए समस्त विवरण तथा रिपोर्ट तैयार करवाएगा;
(छ) जनपद पंचायत को, वे समस्त मामले, जिसमें उसकी मंजूरी अपेक्षित है, प्रस्तुत करेगा।
(दो) उपाध्यक्ष —
(क) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, जनपद पंचायत के सम्मिलनों की अध्यक्षता करेगाः—
(ख) अध्यक्ष का निर्वाचन लंबित होने पर या उस दशा में जब अध्यक्ष किसी कारणवश सम्मिलन में उपस्थित रहने में असमर्थ रहता है तो अध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा कृत्यों का पालन करेगा;

म0प्र0 जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां
(सदस्यों का निर्वाचन उनकी शक्तियाँ और कृत्य तथा सदस्यों का कार्यकाल और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया) नियम , 1994, अधिसूचना क्रमांक 1508–2128–बाईस –पं. 2–94 दिनांक 16 सितम्बर 1994–मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक एक सन् 1994) की धारा 47 की उपधारा (4), (5) एवं (6) के साथ पठित धारा 95 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद् द्वारा निम्नलिखित नियम जो कि उक्त अधिनियम की धारा 95 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप से पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं, बनाती है अर्थात् :–
नियम
नियम .1 संक्षिप्त नाम .– इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां (सदस्यों का निर्वाचन, उनकी शक्तियाँ और कृत्य तथा सदस्यों का कार्यकाल और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया) नियम, 1994 है
नियम.2 परिभाशाएं – इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों –
(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्र. एक,सन् 1994)
(ख) ''प्ररूप'' से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न प्ररूपः
(ग) ''अध्यक्ष'' से अभिप्रेत है यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत का अध्यक्षः
(घ) धारा से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा ।
(ड) ''स्थायी समिति'' से अभिप्रेत है, यथास्थिति, जनपद पंचायत या जिला पंचायत की स्थायी समितिः
(च) ''उपाध्यक्ष'' से अभिप्रेत है , यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत का उपाध्यक्ष,
सदस्यों का निर्वाचन
नियम – 3 जनपद पंचायत/जिला पंचायत द्वारा स्थायी समिति के सदस्यों की संख्या का अवधारित किया जाना – धारा 47 की उपधारा (4) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत उक्त धारा में वर्णित प्रत्येक समिति के सदस्यों की संख्या संकल्प द्वारा अवधारित करेगी, तथापि प्रत्येक समिति के सदस्यों की संख्या दस से अधिक नही होगी
नियम – 4. स्थायी समिति के गठन के लिए सम्मिलन – जनपद पंचायत/ जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी, धारा 26 या 33 के अधीन जिस तारीख को, यथास्थिति सदस्य अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन अधिसूचित होता है उससे एक मास के भीतर यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत को समान्य प्रशासन समिति को छोडकर स्थायी समिति के सदस्यों को निर्वाचन करने के लिए यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत का सम्मिलन बुलाएगाः परन्तु यथास्थिति जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत के प्रथम गठन के लिए उपरोक्त विहित कालावधि चार मास की होगीपरन्तु
यह और कि यदि किसी स्थायी समिति का गठन उक्त कालावधि के भीतर पूर्ण नही होता है तो ऐसी समिति विघटित हो गई समझी जाएगी तथा सक्षम प्राधिकारी को नयी स्थायी समिति का गठन करना होगा ।
नियम . 5 पृथक से किया जाने वाला निर्वाचन – (1) प्रत्येक स्थायी समिति के लिए पृथक पृथक निर्वाचन किया जाएगा.
(2) यदि यथास्थिति , जनपद पंचायत या जिला पंचायत के एक ही सम्मिलन में एक से अधिक स्थायी समिति की बाबत् निर्वाचन किए जाते है तो वे यथासंभव उसी क्रम में किए जाएंगे जिस क्रम में स्थायी समितियां धारा 47 की उपधारा (1) में वर्णित की गई है. तथापि

यदि किसी स्थायी समिति का निर्वाचन नियम 9 के अधीन स्थगित कर दिया जाता है तो क्रम में उसके पश्चात आने वाली स्थायी समिति का निर्वाचन किया जाएगा

नियम 6. ''पीठासीन प्राधिकारी– किसी जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत की स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए सम्मिलन की अध्यक्षता क्रमशः संभागायुक्त तथा जिला कलेक्टर द्वारा नियुक्त अधिकारी द्वारा की जायगी ।

नियम 7 नाम निर्देशनों का आमंत्रण किया जाना – (1)पीठासीन प्राधिकारी, उस स्थायी समिति का नाम, जिसके लिए निर्वाचन किया जा रहा है और निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या आख्यापित करेगा तथा उसके लिए प्ररूप 1 में नाम निर्देशन आमंत्रित करेगा

(2) निर्वाचन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को एक सदस्य द्वारा प्रस्तावित किया जाएगा तथा दूसरे सदस्य द्वारा उसका समर्थन किया जाएगा .परंतु ऐसे किसी भी सदस्य को प्रस्तावित नहीं किया जाएगा. यदि वह तीन स्थायी समितियों के सदस्य के रूप में पूर्व में ही निर्वाचित कर लिया गया हो

नियम– 8 नाम निर्देशन – उन समस्त अभ्यार्थियों के नाम, जो वैद्य रूप से प्रस्तावित तथा समर्थित किए गए हों, पीठासीन प्राधिकारी द्वारा अभिलिखित किये जायेगे और उसके द्वारा सम्मिलन में पढें जायेगे।

नियम– 9 प्रकिया –(1) यदि इस प्रकार पढे गये अभ्यार्थियों के नामों की संख्या स्थानों की संख्या के बराबर हो तों पीठासीन प्राधिकारी ऐसे समस्त अभ्यार्थियों को सम्यक् रूप से निर्वाचित किए गए घोशित करेगा.

(2) यदि ऐसे अभ्यार्थियों की संख्या स्थानों की संख्या से कम हो तो पीठासीन प्राधिकारी ऐसे समस्त अभ्यार्थियों को सम्यक् रूप से निर्वाचित किए गए घोशित करेगा ओर या तो नवीन नामनिर्देशन मंगवाएगा या शेश स्थान या स्थानों को भरने के लिए यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के आगामी सम्मिलन तक के लिए निर्वाचन स्थगित करेगा.

(3) यदि प्रस्तावित अभ्यार्थियों की संख्या स्थानों की संख्या से अधिक हो तो निर्वाचन मतपत्र द्वारा किया जाएगा

नियम– 10 मतों आदि का अभिलिखित किया जाना – (1) अभ्यार्थियों को देवनागरी लिपि में हिन्दी में लिखे गए नामों के वर्णक्रम से एक क्रमांक समनुदेशित किया जाएगा. इसके पश्चात पीठासीन प्राधिकारी प्रत्येक अभ्याथ्री को समनुदेशित किया गया क्रमांक सदस्यों को आख्यापित करेगा.

(2) पीठासीन प्राधिकारी एक ऐसी विनिर्मित मत पेटी की व्यवस्था करेगा जिसके भीतर मतपत्र डाले जा सकें किन्तु पेटी का ताला खोले बिना उसमें से निकाले न जा सकें.

(3) पीठासीन प्राधिकारी मतों को डाले जाने के ठीक पूर्व ऐसे सदस्यों को जो उपस्थित हों यह दिखलाएगा कि मतपेटी रिक्त है और उसके पश्चात् उसमें ताला लगाएगा और उस पर अपनी सील इस प्रकार लगाएगा कि ऐसी सील को तोड़े बिना उसे खोला न जा सकें

(4) सम्मिलन में उपस्थिति प्रत्येक सदस्य को समस्त अभ्यार्थियों के नाम हिन्दी में वर्णक्रम में टंकित अथवा सुवाच्य लिखित एक मतपत्र निम्नलिखित प्ररूप में दिया जाएगा :–

क्रमांक	नाम	चिन्ह
1		
2		
3		

(5) पीठासीन प्राधिकारी प्रत्येक मतपत्र पर अपने हस्ताक्षर करेगा और सील लगाएगा जिससे कि उसकी अधिप्रमाणिकता उपदर्शित हो जाए।

(6) इसके पश्चात् पीठासीन प्राधिकारी द्वारा विहित किए गए क्रम अनुसार प्रत्येक मतदाता मतदान के लिए निश्चित किये गये स्थान पर जाएगा और वहां ऐसे प्रत्येक अभ्यार्थी के , जिसे वह मत देना चाहता है, नाम के सामने मत पत्र पर ˜ चिन्ह लगाएगा. यथास्थिति

जनपद पंचायत या जिला पंचायत के प्रत्येक सदस्य को निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की संख्या के बराबर मतों का अधिकार होगा. इसके पश्चात् वह मत की गोपनीयता बनाए रखने की दृष्टि से मत पत्र को मोड़ेगा और उसे पीठासीन प्राधिकारी तथा अन्य सदस्यों की दृष्टि के सामने रखी हुई मतपेटी में डाल देगा।

(7) यदि यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत का कोई सदस्य निरक्षरता या शारीरिक शैथिल्य के कारण अपना मत अभिलिखित करने में असमर्थ हो तो पीठासीन प्राधिकारी उसे उसका मत गोपनीयता से अभिलिखित करने के लिए समर्थ करने में ऐसी सहायता देगा जैसा कि आवश्यक हो.

(8) पीठासीन प्राधिकारी ऐसी व्यवस्था करवाएगा जिससे कि मतपत्र की गोपनीयता सुनिश्चित रहे।

(9) मतदान समाप्त होने के ठीक पश्चात् पीठासीन प्राधिकारी उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति में मत पेटी खोलेगा, उसमें से मतपत्र निकालेगा फिर उनकी गणना करेगा और निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए गए वैद्य मतों की संख्या उनकी कुल संख्या एक विवरण पत्र के रूप में अपने हस्ताक्षर और सील के अधीन अभिलिखित करेगा, कोई भी मतपत्र अवैध हो जाएगा –

(क) यदि इस पर मतदाता के हस्ताक्षर हो या कोई ऐसा शब्द संकेत या दृश्य रूपण अन्तर्विष्ट हो जिसके द्वारा उसे पहचाना जा सकें : या (ख) यदि भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अधिक अभ्यार्थियों की संख्या के सामने चिन्ह लगाए गए हो या

(ग) यदि चिन्ह इस प्रकार लगाया गया हो जिससे यह संदेहास्पद हो जाए कि किस अभ्यर्थी को मत दिया जाना आशयित थाः या

(घ) यदि उस पर कोई चिन्ह नहीं लगाया गया हो : या

(ड) यदि उस पर उपनियम (5) में अपेक्षित किए गए अनुसार हस्ताक्षर नही हो या सील नहीं लगी हो।

(10) तब पीठासीन प्राधिकारी अपने हस्ताक्षर और सील के अधीन उपनियम (9) में निर्दिष्ट विवरण पत्र में ऐसे अभ्यर्थी/अभ्यार्थियों के नाम जिसने/जिन्होंने सबसे अधिक संख्या में वैध मत प्राप्त किए हों, अवरोधी क्रम में अभिलिखित करेगा और उसे या उन्हें रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार निर्वाचित हुआ घोशित किया करेगा।

(11) अभ्यार्थियों के बीच मतों के बराबर–बराबर होने की दशा में पीठासीन प्राधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में पर्ची (लाट) डालेगा और ऐसा अभ्यर्थी, जिसका नाम पहले निकले सम्यक् रूप से निर्वाचित हुआ घोशित किया जाएगा।

नियम–11 निर्वाचन का परिणाम – एक स्थायी समिति के निर्वाचन का परिणाम दूसरी स्थायी समिति के गठन के लिए निर्वाचन करने से पूर्व घोशित किया जाएगा।

नियम – 12. निर्वाचनों के कागज पत्रों का अभिलेख :– पीठासीन प्राधिकारी, सम्मिलन के ठीक पश्चात–(क) सम्मिलन में हुई कार्यवाहियों का अभिलेख तैयार करेगा और उसमें किए गए प्रत्येक सुधार को अपने आद्याक्षरों से अनुप्रमाणित करते हुए उस पर हस्ताक्षर करेगा, और यदि, यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के सम्मिलन में उपस्थित कोई भी सदस्य ऐसे अभिलेख पर अपने हस्ताक्षर करने की वांछा करे तो उसे हस्ताक्षर करने की अनुज्ञा भी देगा : और

(ख) उसके द्वारा हस्ताक्षरित एक सूचना , प्रत्येक स्थायी समिति के सदस्यों के रूप में निर्वाचित किये गये व्यक्तियों के नामों का उल्लेख करते हुये यथा स्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के सूचना फलक पर प्रकाशित करेगा और ऐसी सूचना की एक प्रति आयुक्त को भेजेगा ।

नियम 13. निर्वाचन के कागजपत्रों की अभिरक्षा.– (1) पीठासीन प्राधिकारी तत्पश्चात् प्रत्येक स्थायी समिति के निर्वाचन से संबंधित समस्त कागज पत्रों के पृथक पृथक पैकेट बनाएगा,

प्रत्येक पैकेट को सील बन्द करेगा तथा उन पर उसकी अन्तर्वस्तुओं का वर्णन, निर्वाचन, जिससे वह संबंधित हो तथा उसकी तारीख नोट करेंगा।

(ख) यह पैकेट आयुक्त के आदेशों के अधीन ही खोले जाएंगे और उनकी अन्तर्वस्तु का निरीक्षण किया जाएगा या उन्हें पेश किया जाएगा अन्यथा नहीं ।

(3) यह पैकेट आयुक्त के कार्यालय में सुरक्षित अभिरक्षा में एक वर्श के लिये रखे जाएगे और इसके पश्चात् यदि आयुक्त द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया जाए, नष्ट कर दिए जाएंगे ।

नियम 14. आकस्मिक रिक्ति – यदि किसी स्थायी समिति के किसी सदस्य का पद आकस्मिक रूप से रिक्त हो जाए तो यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत ऐसी रिक्ति होने के पश्चात् यथापूर्वोक्त रीति में रिक्त पद यथाशीघ्र भरने के लिए अपने सदस्यों में से किसी एक सदस्य को निर्वाचित करेगी और इस प्रकार निर्वाचित किया गया, यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत का प्रत्येक सदस्य अपने पूर्ववर्ती की अनवसित अवधि तक ऐसा पद धारण करेगा : परंतु कोई भी ऐसी आकस्मिक रिक्ति जो उस तारीख के पूर्ववर्ती चार मास की कालावधि के भीतर हुई हो जिसको कि सम्बद्ध व्यक्ति की पदावधि समाप्त होती हो, नहीं भरी जाएगी नियम 14 क सदस्यों का सहयोजन (1) अधिनियम की धारा 47 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए जिला पंचायत की प्रत्येक स्थायी समिति अपने गठन के पश्चात यथा शक्य शीघ्र राज्य विधानसभा के दो से अनाधिक ऐसे सदस्यों को उस जिला पंचायत के सदस्य हैं सहयोजित करेगी । (2) राज्य विधानसभा के सदस्यों के सहयोजन के लिए सम्मिलन की अध्यक्षता संभागायुक्त द्वारा नियुक्त किसी अधिकारी द्वारा की जायगी। (3) पीठासीन प्राधिकारी सहयोजन के लिए नाम निर्देशन आमंत्रित करेगा। सहयोजन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को एक निर्वाचित सदस्य द्वारा प्रस्तावित किया जायगा और दूसरे सदस्य द्वारा उसका समर्थन किया जायेगा। परन्तु राज्य विधानसभा के किसी सदस्य को प्रस्तावित नहीं किया जायगा यदि वह पूर्व में ही दो सथायी समितियों के सदस्य के रूप में सहयोजित कर लिया गया हो। (4) उन समस्त अभ्यार्थियों के नाम जो वैध रूप से प्रस्तावित तथा समर्थित किये गये हों पीठासीन प्राधिकारी द्वारा अभिलिखित किये जायंगे और उसके द्वारा सम्मिलन में पढ़े जाएंगे। (5) यदि प्रस्तावित अभ्यार्थियों की संख्या स्थानों की संख्या से अधिक हो तो सदस्यों का सहयोजन पीठासीन अधिकारी द्वारा निकाले गये लाट द्वारा विनिश्चित किया जायगा। (6) नियम 11 से 14 तक के उपबंध सदस्यों के सहयोजन के संबंध में उसी तरह लागू होंगे जैसे कि वे स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन के सम्बन्ध में लागू होते है ।

स्थायी समितियों के सभापति का निर्वाचन

नियम 15. सभापति का निर्वाचन – (1) सामान्य प्रशासन समिति तथा शिक्षा स्थायी समिति को छोड़कर प्रत्येक स्थायी समिति, अपने गठन के पश्चात् एक मास के भीतर अपने निर्वाचित सदस्यों में से एक सभापति निर्वाचित करेगी । परन्तु यदि सामान्य प्रशासन समिति तथा शिक्षा समिति को छोड़कर कोई स्थायी समिति, उक्त कालावधि के भीतर, उक्त सीमित के लिए सभापति का निर्वाचन नहीं करती है तो ऐसी समिति विघटित हो गई समझी जाएगी तथा विहित प्राधिकारी, उसके स्थान पर नियम 4 के उपबंधों के अधीन स्थायी समिति का गठन करने की कार्यवाही करेगा। (2) अध्याय – 1 में उपबंधित निर्वाचन की रीति ऐसे उपान्तरणों के साथ जैसे कि आवश्यक हों स्थायी समिति के सभापति के निर्वाचन को लागू होगी .अध्याय– 3 शक्तियां और कृत्य नियम 16. स्थायी समिति की शक्तियां – अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए समिति की उसे सौंपे गये विशयों के संबंध में निम्नलिखित शक्तियां होंगी :–

(क) कागज पत्रों, दस्तावेजों तथा अन्य जानकारी को उसी रीति में तथा उसी सीमा तक मंगाना जिस तक कि यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत को मंगाने की शक्ति है:

(ख) निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन रहते हुए अधिनियम के अधीन उसे सौंपे गए विशयों पर यथास्थिति जनपद पंचायतों या जिला पंचायतों के वार्शिक बजट में उपबंधित सीमा तक व्यय उपगत करनाः
(ग) निधियों को एक शीर्श के अधीन एक उपमद से उसी शीर्श की अन्य उपमद में पुनर्विनियोजित करना तथा यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के अनुमोदन से रकम को एक शीर्श से दूसरे शीर्श में पुनर्विनियोजित करनाः
(घ) विभिन्न शीर्शो के अधीन अभ्यर्पित किए जाने के लिए संभाव्य रकम का प्रत्येक वर्श दिसम्बर के अन्त तक प्राक्कलित करना और ऐसे विवरण यथास्थिति जनपद पंचायत को जिला पंचायत को प्रस्तुत करना।
नियम 17. स्थायी समिति के कृत्य – अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए संबंध स्थायी समिति निम्नलिखित कृत्य करेगी, अर्थात् :–(क) यथास्थिति धारा 50 की उपधारा (1) के या धारा 52 की उपधारा (1) के कार्यक्षेत्र में आने वाले कृत्यः
(ख) इसके कार्यक्षेत्र में आने वाली स्कीमों या कार्यक्रमों के बारे में तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करना और उसे यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत को 30 जून 30 सितम्बर, 31 दिसम्बर ओर 31 मार्च को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए क्रमशः जुलाई, अक्टूबर, जनवरी और अप्रैल के अंत तक प्रस्तुत किया जानाः (ग) इसके द्वारा उपगत किए गए व्ययों का समुचित लेखा बनाए रखना .
पदावधि और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया
नियम 18. पदावधि – स्थायी समिति के सभापति तथा सदस्यों की पदावधि वही होगी जो यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के सदस्यों की है : परन्तु यह और भी कि कोई भी व्यक्ति जो यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत का सदस्य नहीं रह जाता है स्थायी समिति का सभापति या सदस्य नहीं रहेगा।
नियम 19. सम्मिलन का बुलाया जाना :– (1) स्थायी समिति का सभापति जितनी भी बार आवश्यक हो उतनी बार किन्तु प्रत्येक मास में कम से कम एक बार स्थायी समिति का सम्मिलन बुलाएगा।
(2) सभापति कम से कम तीन सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक लिखित अध्यपेक्षा किए जाने पर स्थायी समिति का सम्मिलन बुलाएगा.(3) यदि उक्त अध्यपेक्षा प्राप्त होने की तारीख से दस दिन के भीतर सम्मिलन नहीं किया जाता है तो यथास्थिति जनपद पंचायत , जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऐसा सम्मिलन बुलाएगा
नियम 20. सम्मिलन की सूचना – प्रत्येक सम्मिलन की ऐसा सूचना , जिसमें उसकी तारीख समय तथा स्थान और उसमें किए जाने वाला कामकाज विर्निष्टि किया गया हों सम्मिलन से पूरे पांच दिन पूर्व प्रत्येक सदस्य को दी जाएगी तथा यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के कार्यालय में प्रदर्शित की जाएगी।
नियम 21. गणपूर्ति – (1) स्थायी समिति के सम्मिलन के लिए आवश्यक गणपूर्ति पीठासीन प्राधिकारी को सम्मिलित करते हुए तत्समय गठित स्थायी समिति के आधे सदस्यों से होगी।
(2) यदि किसी सम्मिलन में गणपूर्ति होने के लिए पर्याप्त सदस्य उपस्थिति नहीं है तो पीठासीन प्राधिकारी उसे ऐसे समय या तारीख तक के लिये स्थगित कर देगा जैसा वह उचित समझे तथा उसकी घोशणा तत्काल आख्यापित करेगा और उस कामकाज को, जो यदि गणपूर्ति होती तो मूल सम्मिलन के समक्ष लाया जाता, स्थगित सम्मिलन के समक्ष लाया जायगा। और ऐसे सम्मिलन में या किसी पश्चातवर्ती स्थगित सम्मिलन में चाहें वहां गणपूर्ति हो या न हो उसका निपटारा किया जाएगा
नियम 22. सम्मिलन का सभापति :– सभापति स्थायी समिति के सभी सम्मिलनों के अध्यक्षता करेगा किन्तु उसकी अनुपस्थिति में उस सम्मिलन की अध्यक्षता करने के लिए उपस्थित सदस्य अपने में से एक सदस्य को निर्वाचित करेंगे।

नियम 23. किया जाने वाला कामकाज – (1) सम्मिलन में सूचना में विनिर्दिष्ट कामकाज से भिल्न कोई भी अन्य कामकाज पीठसीन प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा।
(2) जहां कोई मामला एक से अधिक स्थायी समिति से संबंधित हो तो उसे विनिश्चिय के लिए यथास्थिति जनपद या जिला पंचायत के समक्ष रखा जाएगा।
नियम 24. स्थायी समिति के सम्मिलन में जनता को प्रवेश नहीं दिया जाएगा – स्थायी समिति के सम्मिलनों में जनता के सदस्यों को प्रवेश नही दिया जाएगा
नियम 25 स्थायी समितियों का सचिव – (1) सामान्य प्रशासन समिति को छोड़कर जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी, स्थायी समिति का सचिव होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सामान्य प्रशासन समिति का सचिव होगा।
(2) स्थायी समिति का सचिव, जब तक कि उसे युक्तियुक्त तथा पर्याप्त कारणों से न रोका जाय तब तक स्थायी समिति के सम्मिलन में उपस्थित रहेगा तथा सम्मिलन में चर्चा के अधीन किसी विशय के सम्बन्ध में जानकारी या स्पष्टीकरण दे सकेगा।
(3) जनपद पंचायत या जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी किसी स्थायी समिति के सम्मिलन में उपस्थित हो सकेगा तथा ऐसे सम्मिलन में चर्चा के अधीन किसी विशय के बारे में स्पष्टीकरण दे सकेगा या कथन कर सकेगा । मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऐसे सम्मिलन में उपस्थित हो सकेगा तथा उक्त कृत्यों का पालन कर सकेगा।
नियम 26. कामकाज की मदों का विनिश्चयः– (1) स्थायी समिति के किसी सम्मिलन के समक्ष लाये गये सभी प्रश्नों का विनिश्चय समिति के सदस्यों के मतैक्य के आधार पर किया जाएगा परन्तु यदि किसी विवाद्यक पर तीव्र मतभेद हो तो पीठासीन प्राधिकारी उस पर मत लेगा. (2) स्थायी समिति के सभी विनिश्चिय प्ररूप 2 में रखे गये रजिस्टर में अभिलिखित किये जाएंगे : परन्तु यदि उपनियम (1) के परन्तुक के अनुसार मत लिए जाते है तो विनिश्चिय को विवाद्यक बिन्दु के पक्ष या विपक्ष में मत दे रहें सदस्यों के नामों के साथ कार्यवृत्त पुस्तक में अभिलिखित किया जाएगा
नियम 27. स्थायी समिति की कार्यवाहियां – (1) स्थायी समिति के प्रत्येक सम्मिलन के कार्यवृत्त को , देवनागरी लिपि में हिन्दी में लिखकर तैयार किया जाएगा इस प्रयोजन के लिए रखी गई पुस्तक में अभिलिखित किया जाएगा और सम्मिलन के पीठासीन प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा.
(2) (एक) जनपद पंचायत की स्थायी समितियों के सम्मिलन में लिए गए विनिश्चिय की संक्षिप्तियां और उसके कार्यवृत्त उसी मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा जो उसकी प्रतियां जानकारी के लिए संबंध जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भी भेजेगा, जनपद पंचायत के आगामी सम्मिलनों में रखे जाएंगे। (दो) जिला पंचायत की स्थायी समितियों के सम्मिलन के लिए गए विनिश्चय की संक्षिप्तियां और उसके कार्यवृत्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा जिला पंचायत के आगामी सम्मिलनों में रखे जाएंगे और उनकी एक प्रति संभाग आयुक्त को भी जानकारी के लिए भेजी जाएगी।
नियम 28. चर्चाधीन कामकाज में हित रखने वाले सदस्य – (1) स्थायी समिति का कोई भी सदस्य सम्मिलन में चर्चा हेतु आने वाले ऐसे किसी मद पर , यदि मद ऐसा है जिससे उसका कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष धन संबंधी हित हो, मत नहीं देगा, या चर्चा में भाग नहीं लेगा. (2) स्थायी समिति का पीठासीन प्राधिकारी, किसी सदस्य को किसी ऐसे मद पर जिसमें उसे ऐसे सदस्य का ऐसा हित रखने का विश्वास है मत देने या चर्चा में भाग लेने से रोक सकेगा या वह ऐसे व्यक्ति से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह स्वयं ऐसे मद पर चर्चा के दौरान अनुपस्थित रहें.

(3) ऐसा सदस्य पीठासीन प्राधिकारी के विनिश्चिय को चुनौती दे सकेगा जो तदुपरि सम्मिलन में भाग ले रहें शेश सदस्यों के समक्ष प्रश्न रखेगा और ऐसे शेश सदस्यों का उस पर बहुमत द्वारा लिया गया विनिश्चय अंतिम होगा. (4) यदि सम्मिलन में किसी सदस्य को ऐसा प्रतीत होता है कि सम्मिलन की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति चर्चाधीन किसी मद में कोई ऐसा धन संबंधी हित रखता है और सम्मिलन में भाग ले रहें अन्य सदस्यों के बहुमत द्वारा उस प्रभाव का लाया गया प्रस्ताव स्वीकृत किया जाता है तो ऐसा व्यक्ति मद पर चर्चा के दौरान ऐसे सम्मिलन की अध्यक्षता नहीं करेगा और सम्मिलन की अध्यक्षता किसी ऐसे अन्य व्यक्ति द्वारा की जावेगी, जो ऐसी दशा में अध्यक्षता करता जबकि अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति अनुपस्थित होता।

नियम 29. अंतिम रूप से निपटाए गए विशय पर पुनर्विचार – किसी ऐसे विशय पर जिसका स्थायी समिति द्वारा एक बार अंतिम रूप से निपटारा कर दिया गया है छह मास की कालावधि के भीतर उसके द्वारा तब तक पुनर्विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके लिए यथास्थिति जनपद पंचायत या जिला पंचायत के सदस्यों में कम से कम तीन चौथाई सदस्यों की अभिलिखित सहमति अभिप्राप्त न कर ली गई हो या जनपद पंचायत की दशा में जब तक कि कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा किए गए निर्देश पर उसका पुनर्विचार करने के लिए निर्देश न दे दिया हो या जिला पंचायत की दशा में जब तक कि आयुक्त ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा किए गए निर्देश पर उसका पुनर्विचार करने के लिए निर्देश न दे दिया हो।

नियम 30. निरसन – मध्यप्रदेश जनपद पंचायत तथा जिला परिशद् स्थायी समितियां (सदस्यों का निर्वाचन, शक्तियॉ और कृत्य तथा सदस्यों का कार्यकाल और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया) नियम, 1991 एतद् द्वारा निरसित किए जाते हैं।

मध्यप्रदेश पंचायत (अपील तथा पुनरीक्षण) नियम 1995 क्र. बी–1–15–95–बाईस–पी.–2, दिनांक 28 मार्च 1995 – मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993(क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 91 के साथ पठित धारा 95 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा निम्नलिखित नियम जो कि धारा 95 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप से पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है, बनाता है अर्थात् –नियम 1. संक्षिप्त नाम – इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पंचायत (अपील तथा पुनरीक्षण) नियम, 1995 है।

2. परिभाशाएँ – इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) है।

(ख) ''धारा'' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा

3. अपील तथा अपीली प्राधिकारी – अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या उपविधियों में अन्यथा उपबंधित के सिवाए, कोई अपील –

(क) अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या उपविधियों के किसी उपबंध के अधीन उपखण्ड अधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश के मामले में – कलेक्टर को।

(ख) अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या उपविधियों के किसी उपबंध के अधीन कलेक्टर द्वारा पारित किसी आदेश के मामले में – आयुक्त को।

(ग) आयुक्त या संचालक, पंचायत द्वारा पारित किसी आदेश के मामले में – राज्य सरकार को।

(घ) नीचे दी गई सारणी के कालम (1) में विनिर्दिष्ट की गई पंचायत द्वारा पारित किसी आदेश के मामले में, उसके कालम (2) में तत्स्थानी प्रिविष्ट में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को, की जाएगी।

सारणी

(1) (2)
(क) ग्राम पंचायत उपखण्ड अधिकारी
(ख) जनपद पंचायत कलेक्टर
(ग) जिला पंचायत आयुक्त

4. अपील की परिसीमा – (1) कोई भी अपील नियम 3 के अधीन अपीली प्राधिकारी को उस आदेश, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, की तारीख के तीस दिन समाप्त होने के पश्चात् नहीं किया जाएगा।

(2) अपीली प्राधिकारी, उपनियम (1) में निर्दिष्ट तीस दिन समाप्त होने के पश्चात् भी कोई अपील ग्रहण कर सकेगा, यदि उसका यह समाधान हो जाये कि अपील उस कालावधि के भीतर प्रस्तुत न करने का पर्याप्त कारण था।

5. पुनरीक्षण – (1) (क) राज्य सरकार, आयुक्त पंचायत संचालक, कलेक्टर अपनी स्वप्रेरणा से या किसी भी पक्षकार के आवेदन पर किसी भी समय उसके अधीनस्थ प्राधिकारी द्वारा किये गये आदेश की वैद्यता या औचित्य के संबंध में या की गई कार्यवाही की नियमितता के संबंध में अपना स्वयं का समाधान करने के प्रयोजन के लिए ऐसे प्राधिकारी के समक्ष लंबित या उसके द्वारा निपटाये गये किसी भी मामले का अभिलेख मंगवा सकेगा और उसकी जांच कर सकेगा तथा उसके संदर्भ में ऐसा आदेश दे सकेगा, जैसा वह उचित समझे। परंतु वह कोई भी आदेश तब परिवर्तित या उलट नहीं करेगा जब तक हितबद्ध पक्षकारों को सूचना न दे दी गई हो और उन्हें सुनवाई का अवसर न दे दिया गया हो। परंतु यह और भी कि इस अधिनियम के अधीन अपील योग्य किसी आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण के लिए कोई आवेदन तथ्यों का। (2) उपनियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी – (एक) जहां उपनियम (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा किसी मामले के संबंध में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हो वहां उसके संबंध में उक्त उपनियम में वर्णित अन्य अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी और (दो) जहां उपनियम (1) में वर्णित अधिकारी द्वारा किसी ऐसे मामले के संबंध में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हो वहां राज्य सरकार ऐसे मामले के संबंध में इस नियम के अधीन तब तक कोई कार्यवाही नहीं करेगी जब तक कि ऐसे अधिकारी द्वारा ऐसी कार्यवाही का अंतिम निपटारा न कर दिया गया हो या ऐसी कार्यवाही वापस न ले ली गई हो या ऐसा आदेश, जैसा कि वह उचित समझे, पारित न कर दिया गया हो।

6. पुनरीक्षण के लिए परिसीमा – (1) नियम 5 के उपनियम (1) के अधीन पुनरीक्षण के लिए कोई भी आवेदन, आदेश की तारीख से साठ दिन समाप्त होने के पश्चात् ग्रहण नहीं किया जायेगा।

(2) पुनरीक्षण प्राधिकारी, साठ दिन समाप्त होने के पश्चात् भी पुनरीक्षण के लिए आवेदन ग्रहण कर सकेगा। यदि उसका यह समाधान हो जाये कि आवेदन को उस कालावधि के भीतर प्रस्तुत न करने का पर्याप्त कारण था।

7. अपील या पुनरीक्षण के लिए आवेदन का प्ररूप – इन नियमों के अधीन अपील या पुनरीक्षण के लिए आवेदन ज्ञापन के रूप में होगा, जिसमें उस आदेश, जिसके विरूद्ध अपील या पुनरीक्षण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है, की बाबत आपत्तियों के आधारों का संक्षेप में उल्लेख किया जायेगा और उसके साथ ऐसे आदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न की जायेगी।

8. आदेश या विनिश्चय के निष्पादन पर स्थगन – नियम 3 तथा 5 में निर्दिष्ट या पुनरीक्षण प्राधिकारी ऐसे आदेश के, जिसके कि विरूद्ध अपील या पुनरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, निष्पादन पर अपील या पुनरीक्षण के लिए प्रस्तुत आवेदन पर विनिश्चिय होने तक स्थगन दे सकेगा।

9. अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी की शक्ति – अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी, पक्षकारों की सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् तथा आगे ऐसी जांच यदि कोई हो, के पश्चात् जैसी वह अधिनियम या उसके बनाये गये नियमों का अध्यधीन रहते हुए आवश्यक समझे उस आदेश

या विनिश्चय जिसके विरूद्ध अपील की गई है की पुष्टि कर सकेगा, उसमें परिवर्तन कर सकेगा या उसे अपास्त कर सकेगा।
10. खर्च – अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी पक्षकारों को ऐसे खर्चे दिला सकेगा जैसा वह उचित समझे।
11. निरसन – इस विशय से संबंधित पूर्व नियम ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में इन नियमों के अंतिम प्रकाशन की तारीख से निरस्त हो जायेंगे।
———
मध्यप्रदेश पंचायत (अभिलेखों तथा प्रतियों का निरीक्षण) नियम 1995 क्र. बी. –1–20–95–बाईस–पी.–दो, दिनांक 28 मार्च 1995 – मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 118 के साथ पठित धारा 95 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद द्वारा निम्नलिखित नियम जो कि धारा 95 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप से पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है बनाता है अर्थात् –
नियम
1. संक्षिप्त नाम – इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पंचायत (अभिलेखों तथा प्रतियों का निरीक्षण) नियम 1995 है। 2. परिभाशाएँ – इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –
(क) ''सक्षम प्राधिकारी'' से अभिप्रेत है –
(एक) ग्राम पंचायत या उसकी समिति के मामले में, सरपंच/सचिव
(दो) जनपद पंचायत या उसकी समिति के मामले में, मुख्य कार्यपालक अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी (तीन) जिला पंचायत या उसकी समिति के मामलों में मुख्य कार्यपालक अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकरी।
(ख) ''प्ररूप'' अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न प्ररूप।
3. कतिपय अभिलेखों का निःशुल्क निरीक्षण – कोई व्यक्ति, जो पंचायत या उसकी किसी समिति के निम्नलिखित अभिलेखों का निरीक्षण करना चाहता हो, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी से ऐसे अभिलेख का निःशुल्क निरीक्षण कर सकेगा –
(क) बजट (ख) प्राप्ति तथा व्यय के वार्शिक लेखे (ग) किसी कर की कर निर्धारण सूची
(घ) जन्म मरण, मकान क्रमांक, आवासहीन, आदि जैसे जानकारी के रजिस्टर (ड़) पंचायत के विनिश्चयों का रजिस्टर (च) धारा 7 की उपधारा (1) के खण्ड (क) से (घ) में वर्णित अभिलेख
4. मामले के अभिलेख का निरीक्षण – (1) ऐसे मामले के जो लंबित है या जिसका अभिलेख पंचायत कार्यालय में जमा नहीं किया गया है, अभिलेख का सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के पश्चात् संबंधित पक्षकार द्वारा निःशुल्क निरीक्षण किया जा सकेगा। (2) कोई भी अन्य व्यक्ति, जो नियम 3 में विनिर्दिष्ट अभिलेखों के छोड़कर किसी अन्य अभिलेख का निरीक्षण करना चाहता है तो वह प्ररूप एक में आवेदन प्रस्तुत कर तथा उसमें हित के स्वरूप तथा वह प्रयोजन जिसके लिए निरीक्षण करना चाहता है उल्लेखत करते हुए तथा नियम 5 में विहित निरीक्षण फीस का संदाय कर वैसा कर सकेगा।
5. निरीक्षण फीस – (1) निरीक्षण किए गए प्रत्येक अभिलेख के लिए निरीक्षण फीस पहले घंटे के लिए दो रूप्ए तथा पश्चात्वर्ती घंटे या उसके भाग के लिए पचास पैसे होगी। (2) उपनियम (1) के अधीन प्रभार्य फीस सक्षम प्राधिकारी को, निरीक्षण के आवेदन के साथ नगदी में भुगतान की जायेगी जो उसे पंचायत निधि में जमा करेगा तथा वह प्ररूप दो में अपने हस्ताक्षर कर रसीद तत्काल देगा।
6. निरीक्षण के लिए स्थान तथा समय – (1) निरीक्षण, पंचायत के कार्यालय समय के दौरान पंचायत कार्यालय में किया जाएगा।

7. निरीक्षण पुस्तक – प्रत्येक पंचायत द्वारा निरीक्षण पुस्तक नामक पुस्तक प्ररूप तीन में रखी जाएगी। निरीक्षण चाहने वाला प्रत्येक व्यक्ति निरीक्षण पुस्तक के कालम एक से छह तक में विशिष्टयां भरेगा।

8. सामान्य निर्बन्धन – निरीक्षण के दौरान पेन तथा स्याही का प्रयोग पूर्णतः निशिद्ध है। पेंसिल तथा कागज का उपयोग निरीक्षण किए गए अभिलेख से टीप लेने या प्रतिलिपि करने के लिए किया जा सकता है, किंतु निरीक्षण किए गए किसी अभिलेख पर कोई चिन्ह नहीं लगाया जाएगा।

9. अभिलेखों की प्रतिलिपि के लिए आवेदन – पंचायत या उसकी किसी समिति के अभिलेखों की प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिए प्ररूप एक में आवेदन उस अभिलेख के जिसकी प्रतिलिपि अपेक्षित है पूरे ब्यौरे देते हुए सक्षम प्राधिकारी को दिया जायेगा।

10. अभिलेख की प्रतिलिपि देने से इंकार करने की प्राधिकारी की शक्ति – (1) सक्षम प्राधिकारी ऐसा करने के लिए उसके कारण अभिलिखित करते हुए निम्नलिखित में से किसी भी अभिलेख की प्रतिलिपि देने से इंकार कर सकेगा –

(एक) पत्र या रिपोर्ट, जिनमें आवेदक को प्रभावित करने वाले अंतिम आदेश अंतर्विष्ट न हो।

(दो) पंचायत तथा सरकारी प्राधिकारियों या राज्य सरकार के बीच के कोई पत्र व्यवहार

(तीन) अभिलेख जिसकी प्रतिलिपियां दी जाना सक्षम प्राधिकारी की राय में पंचायत के लिए अहितकर है।

(चार) दस्तावेजों के उद्धरण जिससे नस्ती के अवशिष्ट भाग से अलग कर पढ़ा जाने पर पंचायत या उसकी किसी समिति द्वारा पारित अंतिम आदेश का दुर्व्यपदेशन होता है।

(पांच) पंचायत या उसकी किसी समिति की कार्यवाही से उद्धरण (2) उपनियम (1) के अधीन स्वीकृत सभी आवेदन, पंचायत की आगामी बैठक में सक्षम प्राधिकारी की कार्यवाही के अनुमोदन के लिए रखे जाएंगे।

(3) पंचायत के कार्यालय में प्राप्त किसी पत्र की प्रतिलिपि, जारी करने वाले कार्यालय की मंजूरी के बिना नहीं दी जाएगी।

(4) गोपनीय पत्रों तथा कागज पत्रों की प्रतिलिपियां किसी भी दशा में नहीं दी जाएंगी।

11. दण्डित कर्मचारी निःशुल्क प्रतिलिपि के हकदार होंगे – पंचायत के कर्मचारियों को दंडित करने वाले आदेश की प्रति संबंधित कर्मचारी को निःशुल्क दी जाएगी।

12. संपरीक्षा की टिप्पणियों की प्रतिलिपियॉं – सक्षम प्राधिकारी, संपरीक्षा की टिप्पणियों तथा संबद्ध कागज पत्रों की प्रतिलिपियां किसी भी व्यक्ति को जिसने उसके लिए आवेदन किया है फीस का भुगतान करने पर दे सकेगा। परंतु सक्षम प्राधिकारी ऐसे व्यक्ति को जिसके विरूद्ध अवैध भुगतान या घोर उपेक्षा या कदाचरण के कारण हुई हानि का आरोप लगाया गया है ऐसी टिप्पणियां तथा कागज पत्रों की प्रतिलिपियां निःशुल्क देगा।

13. तलाशी के लिए फीस – यदि ऐसे अभिलेख का जिसकी प्रतिलिपि अपेक्षित हो पता लगाने के लिए तलाशी आवश्यक हो तो प्रति घंटे या घंटे के किसी भाग के लिए पचास पैसे की दर पर फीस प्रभारित की जायेगी। यह तलाशी सक्षम प्राधिकारी अथवा इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुक्त पंचायत के किस उत्तरदायी अधिकारी की अविलम्ब उपस्थिति में की जायेगी।

14. प्रतिलिपियां तैयार करने हेतु फीस – (1) प्रतिलिपियां तैयार करने के लिए फीस, प्रति पृष्ठ या उसके किसी भाग के लिए 5 रूपये होगी। चाहे वह प्रति अंग्रेजी में हो या हिन्दी में हो।

(2) मानचित्र तथा प्लान की प्रतिलिपि फीस एक रूपया प्रति सौ वर्ग सेन्टीमीटर की दर से प्रभारित की जायेगी, जिसमें अनुरेखण कपड़े की लागत सम्मिलित है किंतु जो कम से कम पांच हजार रूपए होगी।

परंतु यदि पंचायत के लिए उसके कर्मचारियों के अलावा अन्य व्यक्तियों द्वारा तैयार किये गये मानचित्र तथा प्लान प्राप्त करना आवश्यक हो तो ऐसी प्रतिलिपियों के लिए ऐसे

व्यक्तियों को भुगतान की गई वास्तविक मजदूरी तथा प्रत्येक प्रति के लिए एक रू. अतिरिक्त फीस दी जायेगी।

15. प्रतिलिपियों का प्रमाणित किया जाना – सक्षम प्राधिकारी, सभी प्रतिलिपियों को सत्य प्रतिलिपियों के रूप में प्रमाणित करेगा।

16. फीस अग्रिम में देय होगी – अभिलेख की प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिए दिये गये प्रत्येक आवेदन के साथ ऐसी अग्रिम राशि देय होगी जो आवेदित प्रतिलिपि की अनुमानित लागत को पूरा करने के लिए पर्याप्त हो।

17. फीस पंचायत निधि में जमा की जाएगी – अभिलेख की प्रतिलिपियां अभिप्राप्त करने के लिए देय सभी फीस सक्षम प्राधिकारी को नगदी में भुगतान की जायेगी जो उसे पंचायत निधि में जमा करेगा और उसके लिए अपने हस्ताक्षर में रसीद प्ररूप दो में उसी समय देगा।

18. प्रतिलिपि रजिस्टर – सक्षम प्राधिकारी, प्ररूप चार में एक प्रतिलिपि रजिस्टर रखेगा या रखवायेगा।

19. वापसी – यदि निरीक्षण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर निरीक्षण की अनुमति नहीं दी जाती है या आवेदन प्राप्त होने पर अभिलेख की प्रतिलिपि नहीं दी जाती है तो निरीक्षण या अभिलेख की प्रति के लिए जमा की गई फीस आवेदक को वापस कर दी जायेगी।

20. निरसन – इस विशय से संबंधित पूर्व नियम, मध्यप्रदेश राजपत्र में इन नियमों के अंतिम प्रकाशन की तारीख से निरस्त हो जायेंगे।

मध्यप्रदेश पंचायत (कार्यवाहियों का निरीक्षण) नियम 1995 क्र. बी.–1–19–95–बाईस–पी.–2, दिनांक 28 मार्च 1995 – मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक एक सन् 1994) की धारा 84 उपधारा (1) (2) के साथ पठित धारा 95 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद द्वारा निम्नलिखित नियम, जो कि धारा 95 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप से पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है, बनाता है अर्थात् –

नियम

1. संक्षिप्त नाम – इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पंचायत (कार्यवाहियों का निरीक्षण) नियम 1995 है।

2. परिभाशाएँ – इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो – (क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 193 (क्रमांक 1 सन् 1994)

(ख) ''धारा'' से अभिप्रेत है इस अधिनियम की धारा

3. निरीक्षण – (1) धारा 84 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी समय–समय पर पंचायत की कार्यवाहियों और कार्यों का निरीक्षण कर सकेगा।

(2) धारा 84 की उपधारा (1) के अधीन प्राधिकृत किया जाने वाला अधिकारी –

(क) ग्राम पंचायत के मामले में पंचायत तथा समाज सेवा संगठक अनुविभागीय अधिकारी जिसकी अधिकारिता में पंचायत आती है।

(ख) ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत के मामले में आयुक्त संचालक, पंचायत या संयुक्त संचालक/उप संचालक जिला पंचायत और समाज कल्याण या कलेक्टर जिसकी अधिकारिता में ग्राम पंचायत आती है या कलेक्टर के अधीनस्थ कोई अधिकारी जो इस निमित्त उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए या कोई अन्य अधीनस्थ अधिकारी, जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए।

(ग) जिला पंचायत के मामले में आयुक्त या संचालक, पंचायत या उनके अधीनस्थ कोई अधिकारी जो इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए।

(3) (क) वार्शिक निरीक्षण यथास्थिति, अनुविभागीय अधिकारी कलेक्टर, आयुक्त या संचालक पंचायत या किसी अधीनस्थ अधिकारी द्वारा जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए तैयार किए गए निरीक्षण रोस्टर के अनुसार वर्श में एक बार किया जाएगा।

(ख) आकस्मिक निरीक्षण उसकी जानकारी में कोई बात आने पर या अन्यथा ऐसे निरीक्षण की आवश्यकता महसूस होने पर किया जा सकेगा।

(4) पंचायत द्वारा पारित किसी आदेश या प्रस्ताव या अपनायी गयी प्रक्रिया या किये गये किसी कार्य या की गई कार्यवाही की वैधता तथा औचित्य के संबंध में अपना समाधान करने के प्रयोजन के लिए धारा 84 की उपधारा (1) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।

4. निरीक्षण अधिकारी की शक्ति – (1) निरीक्षण अधिकारी यदि आवश्यक समझे तो –

(क) गवाह बुला सकेगा

(ख) साक्ष्य अभिलिखित कर सकेगा

(ग) अभिलेख की प्रतियां ले सकेगा

(घ) अभिलेख जब्त कर सकेगा या

(ड़) दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए बाध्य कर सकेगा परंतु निरीक्षणकर्ता अधिकारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह उसके द्वारा परीक्षित किसी साक्ष्य के सार का ज्ञापन बनाए।

(2) यदि निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा कोई अभिलेख जब्त किया जाता है तो वह उसकी रसीद देगा जिसमें जब्त किए गए अभिलेख के ब्यौरे विनिर्दिष्ट किए जाएंगे तथा उसे आवश्यकता से अधिक समय तक प्रतिधारित नहीं करेगा।

5. निरीक्षण रिपोर्ट – (1) निरीक्षणकर्ता अधिकारी, निरीक्षण पूर्ण हो जाने के पश्चात् यथाशक्य, शीघ्र एक निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करेगा।

(2) निरीक्षण रिपोर्ट यह बताएगी कि –

(क) पंचायत द्वारा किए गए किसी कार्य या की गई किसी कार्यवाही की अवैधता या अनौचित्य

(ख) शक्तियों का दुरूप्योग

(ग) किसी बात को करने का लोप

(घ) लेखे तथा अभिलेखों को रखने में अनियमितता

(ड़) विहित प्रक्रिया का अनुसरण न करना

(च) अधिनियम द्वारा या अधिनियम के अधीन अधिरोपित कर्त्तव्यों के निर्वहन में लगातार व्यक्तिक्रम

(छ) अधिनियम के अधीन किसी प्राधिकारी द्वारा दिए गए किसी विधिसम्मत आदेश या निर्देश का पालन न करना।

(3) निरीक्षण रिपोर्ट, निरीक्षण का निर्देश देने वाले अधिकारी या प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

6. निरसन – इस विशय से संबंधित पूर्व नियम, मध्यप्रदेश राजपत्र में इन नियमों के अंतिम प्रकाशन की तारीख से निरस्त हो जाएंगे।

म0प्र0 पंचायत (पंचायतों और पंचायत तथा अन्य स्थानीय प्राधिकारियों के बीच संबंधों का विनियमन) नियम, 1994 अधिसूचना क्र. बी – 1–5–95–पं.–2–बाईस, दिनांक 9 जनवरी, 1995 – मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक एक सन् 1994) की धारा 90 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 95 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद् द्वारा निम्नलिखित नियम, जो कि धारा 95 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप से पहले ही प्रकाशित किये जा चुके हैं, बनाता है, अर्थात् :–

नियम

1. संक्षिप्त नाम – इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पंचायत (पंचायतों और पंचायत तथा अन्य स्थानीय प्राधिकारियों के बीच संबंधों का विनियमन) नियम, 1994 है।

2. परिभाशाएँ – इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994)

(ख) ''धारा'' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा

3. विवादों का निपटारा – (1) यदि कोई उत्पन्न विवाद –

(एक) पंचायतों, या

(दो) पंचायत तथा स्थानीय प्राधिकारियों के बीच किसी मामले के संबंध में, जिसमें वे संयुक्त रूप से हितबद्ध हैं, प्रजातांत्रिक गठन में उनके प्रतिनिधि हैसियत का सम्यक् ध्यान रखते हुए ऐसे मामलों का, एक दूसरे के विचारों में मेल मिलाप द्वारा या आपसी परामर्श द्वारा निराकरण किया जाएगा।

2. यदि वे उपनियम (1) में उपबंधित रीति में अपने विवादों का निराकरण करने में असफल रहते हैं तो इनके द्वारा संयुक्त रूप से या विवाद के किसी पक्षकार द्वारा विनिश्चय के लिए राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जा सकेगा तथा ऐसे विनिश्चय में राज्य सरकार द्वारा आदेशित किसी जांच के खर्चों के बारे में कोई आदेश भी सम्मिलित होगा तथा ऐसा विनिश्चय अंतिम होगा। परंतु पंचायत तथा स्थानीय प्राधिकारी लिखित में सहमत हो कि कोई ऐसा विवाद, राज्य सरकार को विनिश्चय के लिए निर्दिष्ट होने के स्थान पर, माध्यस्थम अधिनियम, 1940 के अधीन नियुक्त माध्यस्थ या माध्यस्थों को या सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 90 के अधीन सिविल न्यायालय को निर्णय के लिए निर्दिष्ट हो।

4. निरसन – इस विशय पर पूर्व नियम, यदि कोई हो, मध्यप्रदेश राजपत्र में इन नियमों के अंतिम प्रकाशन की तारीख से निरस्त हो जाएंगे।

....

मध्यप्रदेश पंचायत (पत्र व्यवहार) नियम 1995 पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल, दिनांक 14 अगस्त, 1995 क्र. बी–1–46–बाईस–पं.–2 –95– मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 95 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद द्वारा निम्नलिखित नियम जो कि उक्त अधिनियम की धारा 95 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रूप से पहले ही प्रकाशित किये जा चुके हैं, बनाता है अर्थात् –

नियम

1. संक्षिप्त नाम – इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पंचायत (पत्र व्यवहार) नियम 1995 है।

2. परिभाशाएं – इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994)

(ख) ''धारा'' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा

(ग) ''कलेक्टर'' से अभिप्रेत है उस जिले का जिसमें कि पंचायत कार्य कर रही हो, राजस्व प्रशासन का मुख्य भारसाधक अधिकारी

(घ) ''आयुक्त'' से अभिप्रेत है, उस संभाक का जिसमें कि पंचायत कार्य कर रही हो, राजस्व प्रशासन का मुख्य भारसाधक अधिकारी।

3. ग्राम पंचायत तथा विकास खण्ड कार्यालय अथवा जनपद पंचायत के बीच पत्र व्यवहार – राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेश आदेश द्वारा अन्यथा निर्देशित किए गए के सिवाए ग्राम पंचायत की ओर से जनपद पंचायत का तथा विकासखण्ड कार्यालय को सीधा पत्र व्यवहार किया जा सकेगा।

1. ग्राम पंचायत तथा अन्य शासकीय प्राधिकारियों के बीच पत्र व्यवहार – राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेश आदेश द्वारा अन्यथा निदेशित किए गए के सिवाए ग्राम पंचायत की ओर से राज्य सरकार के अन्य प्राधिकारियों को पत्र व्यवहार संबंधित जनपद पंचायत के माध्यम से किया जाएगा। जनपद पंचायत पत्र व्यवहार को अपनी टिप्पणियों विचारों या सिफारिशों सहित जैसा वह उचित समझे संबंधित प्राधिकारियों को तत्काल अग्रेशित करेगा।

5. ग्राम पंचायत और राज्य सरकार के बीच पत्र–व्यवहार – राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेश आदेश द्वारा अन्यथा निर्देशित किए गए के सिवाय, राज्य सरकार को किए जाने वाले

प्रस्तावों को संबंधित ग्राम पंचायत की ओर से राज्य सरकार को किया जाने वाला पत्र व्यवहार संबंधित जनपद पंचायत के माध्यम से किया जाएगा।

जनपद पंचायत उस पत्र व्यवहार के संबंध में अपनी ऐसी टिप्पणियों, विचारों या सिफारिशों सहित जैसी वह उचित समझे संभागीय आयुक्त/संचालक, पंचायत के माध्यम से राज्य सरकार को तत्काल अग्रेशित करेगी।

6. जनपद पंचायत तथा सरकार के अन्य प्राधिकारियों के बीच पत्र–व्यवहार –

(1) राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेश आदेश द्वारा अन्यथा निर्देशित किए के सिवाय, जनपद पंचायत द्वारा पत्र व्यवहार –

(क) (एक)कलेक्टर को; और (दो) ऐसे विशयों के संबंध में जिनमें अधिनियम के अधीन कृत्यों के निर्वहन के लिये तकनीकी मंत्रणा या स्वीकृति अपेक्षित हो, सरकारी विभाग के, किसी प्रमुख जिला प्रतिनिधि को पत्र–व्यवहार सीधे ही किया जा सकेगा; और (ख) विभागाध्यक्षों को, जिले में ऐसे विभागाध्यक्षों के प्रमुख प्रतिनिधि, यदि कोई हों के माध्यम से किया जाएगा।

(2) अत्यावश्यकता के मामले में जनपद पंचायत, विभागाध्यक्ष से सीधा पत्र–व्यवहार कर सकेगी किन्तु ऐसे पत्र–व्यवहार की प्रतिलिपियां ऐसे विभाग के प्रमुख जिला प्रतिनिधि को अग्रेशित करेगी।

7. जनपद पंचायत और राज्य सरकार के बीच पत्र–व्यवहार – राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेश आदेश द्वारा, अन्यथा निदेशित किए गए के सिवाय, जो राज्य सरकार को निवेदित किए जाने वाले उन प्रस्तावों से संबंधित पत्र व्यवहार, जिसे जनपद पंचायत राज्य सरकार से करे, संबंधित जिला पंचायत के माध्यम से किया जाएगा। जिला पंचायत उस पत्र व्यवहार के संबंध में अपनी टिप्पणियों, विचारों या सिफारिशों सहित संभागीय आयुक्त/संचालक, पंचायत के माध्यम से राज्य सरकार को तत्काल अग्रेशित करेगी।

8. जिला पंचायत और राज्य सरकार तथा उसके प्राधिकारियों के बीच पत्र–व्यवहार– (1) राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेश आदेश द्वारा अन्यथा निर्देशित किए गए के सिवाए, जिला पंचायत द्वारा –

(क) (एक) कलेक्टर को;

(दो) संभागीय आयुक्त को; और

(तीन) सरकार के विभागाध्यक्ष के जिला या संभाग के किसी प्रमुख प्रतिनिधि को पत्र व्यवहार सीधे ही किया जा सकेगा; और (ख) विभागाध्यक्षों को उनके संभागीय पदाधिकारियों के माध्यम से; और (ग) राज्य सरकार को संभागीय आयुक्त/संचालक, पंचायत के माध्यम से पत्र व्यवहार किया जाएगा।

(2) अत्यावश्यकता के मामलों में जिला पंचायत सरकार से सीधा पत्र–व्यवहार कर सकेगी किन्तु ऐसे पत्र व्यवहार की प्रतिलिपियां संभागीय आयुक्त/संचालक, पंचायत की अग्रेशित करेगी।

9. पंचायतों और स्थानीय निधि लेखा परीक्षक या विभागीय लेखा परीक्षक या महालेखाकार के बीच पत्र–व्यवहार – पंचायत की ओर से उसके लेखाओं की लेखा परीक्षा के संबंध में स्थानीय निधि लेखा परीक्षक या विभागीय लेखा परीक्षक या महालेखाकार से सीधा पत्र व्यवहार किया जा सकेगा।

10. पत्र व्यवहार किसके द्वारा हस्ताक्षरित होगा – ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत से या उसकी ओर से किया जाने वाला समस्त पत्र व्यवहार क्रमशः ग्राम पंचायत के सरपंच/सचिव, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम से तथा उनके हस्ताक्षर से किया जाएगा तथा जहाँ आवश्यक हो, पंचायत या उसके अधीनस्थ अभिकरण के सुसंगत संकल्पों सहित होगा।

11. पंच, सदस्य आदि राज्य सरकार या शासकीय प्राधिकारियों से सीधे पत्र–व्यवहार नहीं करेंगे – इन नियमों से अन्यथा उपबंधित के सिवाय, ग्राम पचायत का कोई पंच, जनपद

पंचायत या जिला पंचायत का कोई सदस्य या पंचायत के अधीनस्थ अभिकरण का कोई सदस्य या पंचायत का कोई अधीनस्थ अभिकरण संबंधित पंचायत के कार्यकलापों से संबंधित किसी भी विशय पर राज्य सरकार या शासकीय प्राधिकारियों से सीधे पत्र–व्यवहार नहीं करेगा।

12. केन्द्रीय या अन्य राज्य सरकार से पत्र–व्यवहार करने का वर्जन – कोई भी पंचायत या उसका अधीनस्थ अभिकरण केन्द्र या किसी अन्य राज्य सरकार से सीधे पत्र–व्यवहार नही करेगा।

13. निरसन – इन नियमों के ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में अंतिम प्रकाशन की तारीख से मध्यप्रदेश पंचायत (पत्र व्यवहार) नियम, 1964 निरसित हो जाएंगे।

अनुसूची – एक

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में शासकीय कर्मचारियों पर कार्यकारी नियंत्रण

क्र. शासकीय कर्मचारी /अधिकारी कार्यकारी नियंत्रण पदस्थापना का स्थान ग्रामीण विकास विभाग

1 सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत विकासखण्ड

2 विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत विकासखण्ड

3 विकास खंड अधिकारी /अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विकासखण्ड

4 विकास खण्ड / जनपद पंचायत में पदस्थ लिपिक संवर्ग का अमला, वाहन चालक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जनपद पंचायत विकासखण्ड

5 विकासखण्ड में पदस्थ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपयंत्री तथा अन्य अधीनस्थ अमला। जनपद पंचायत विकासखण्ड

6 अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला पंचायत जिला पंचायत

7 जिला विकास अधिकारी जिला पंचायत जिला पंचायत

8 जिला पंचायत में पदस्थ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी (कार्यपालिका अधिकारी) जिला पंचायत जिला पंचायत

9 सहायक यंत्री (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) अनुविभाग कार्यालय में प दस्थ अन्य अधीनस्थ अमला। जिला पंचायत जिला पंचायत पंचायत विभाग सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम सहायक संबंधित ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत

अध्याय छः

संधारित अभिलेख की श्रेणी एवं अभिरक्षा

पंचायत में रखे जाने वाले आवश्यक अभिलेख

1. बैठक पंजी
2. एजेन्डा पंजी
3. पंचों की उपस्थिति पंजी
4. रोकड बही (कैशबुक)
5. रसीद कट्टा
6. रसीद बुक की स्टाक पंजी
7. बिल पंजी
8. वेतन बिल
9. यात्रा भत्ता पंजी
10. मानदेय पंजी
11 आकस्मिक व्यय पंजी
12. प्राप्ति संक्षेप पंजी
13. व्यय पंजी
14. वसूली योग्य अग्रिम पंजी
15. विशिष्ट प्रयोजन अनुदान का लेखा पंजी
16. बंध पत्र (करारनामा)
17. अचल सम्पत्ती की पंजी
18. वाद पंजी
19. अर्थदण्ड पंजी
20. नगद जमा पंजी
21. माल या चल सम्पत्ति की पंजी
22. भण्डार पंजी
23. निराश्रित/वृद्धावस्था पेंशन पंजी
24. परिवार सहायता पंजी
25. निर्धन व्यक्तियों को उधार की पंजी
26. आवक पंजी
27. जावक पंजी
28. डाक टिकट खर्च पंजी
29. मॉग वसूली पंजी
30. जन्ममुत्यु पंजी
31. प्रमाण पत्र पंजी
32. प्रतिभूति पंजी
33. चेक पंजी
34. आवास योजना संबंधी पंजी
35. भवन कर पंजी
36. जल कर पंजी
37. प्रकाशकर पंजी
38. वृत्तिकर पंजी
39. गरीबी रेखा की पंजी
40. मतदाता सूची
41. पशु पंजीयन शुल्क पंजी
42. बाजार फीस वसूली पंजी

43. परिसम्पत्तियों की पंजी
44. निरीक्षण पंजी
45. निशक्त व्यक्तियों की पंजी (ग्राम पंचायतस्तर)
